(क)	1979–80	537265 रूपये
(ख)	1980–81 (अब तक)	664597 रूपये

शोक प्रस्ताव

मुख्य मंत्री (चौ. भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, आपकी इजाजत से मैं अब एक शोक प्रस्ताव पेश करना चाहूंगा क्योंकि कल ही श्री अच्छर सिंह छीना का देहान्त हो गया है।

यह सदन श्री अच्छर सिंह छीना के 11 मार्च, 1981 हो हुए निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है।

श्री अच्छर सिंह छीना का जन्म 2 अक्तूबर, 1899 को हुआ। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा अमृतसर में प्राप्त की। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये वे 1921 में अमरीका गए। वहां उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री पाकर प्रसिद्ध फोर्ड मोटर कम्पनी में काम शुरू किया। अमरीका में ही उन्होंने क्रान्तिकारियों से सम्पर्क स्थापित किया और वे डीट्रोयट स्टेट गदर पार्टी के प्रधान रहे। गद्दर पार्टी की गतिविधियों में उनका बहुत योगदान रहा। 1932 में वे सोवियत राजनैतिक प्रणाली का अध्ययन करने मास्को चले गए। 1934 में व पैरिस गए जहां उन्होंने ब्रिटेन के कम्चुनिस्टों से बातचीत की। 1936 में वे भारतवर्श लौटे और अंग्रेजो के शासन ने उन्हें लाहौर के किले में नजरबन्द रखा। इसके पश्चात वे अपने घर में एक साल तक नजरबन्द रहे। श्री छीना उच्च कोटि के क्रान्तिकारी थे।

1941 में जंग के दौरान वे फिर सोवियत यूनियन गए तथा वहां की पार्टी और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के बीच उन्होंने

सम्मर्क रखा। ऐलाईज को सहायता देने का सन्देश उनके द्वारा ही भेजा गया था।

1942 से 1947 तक वे पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष रहे। 1952 के विधान सभा का चुनाव उन्होंने अम्बाला जेल में होते हुए ही लड़ा और वे विजयी रहे। 1957 के चुनाव में भी वे अजनाला चुनाव क्षेत्र से विजयी रहे।

वे उच्च कोटि के क्रान्तिकारी और महान विधायक थे। उनके निधन से हमने उस पीढ़ी का एक और देशभक्त खो दिया है जिस पीढ़ी की कुर्बानियों के बल पर आज हमारा देश आजाद है।

उनके निधन से देश एक महान स्वतन्त्रता सेनानी और सांसद की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है तथा उनके परिवार के सदस्यों को अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

श्री मूल चन्द जैन (सम्भालखा): अध्यक्ष महोदय, लीडर आफ दि हाउस ने जो शोक प्रस्ताव यहां हाउस में पेश किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। श्री छीना वास्तव में एक उच्च कोटि के क्रान्तिकारी, स्वतन्त्रता सेनानी और इस देश में भी और विश्व मैं भी एक नये समाज का निर्माण करने वालों में से एक थे। मेरा उनसे निजी सम्बन्ध भी रहा है। 1952 से 1957 तक वे पंजाब असैम्बली के मैम्बर थे, मैं भी उस वक्त पंजाब

असैम्बली का मैम्बर था। मुझे आज भी उनकी बहुत अच्छी तरह से याद है। आज सवेरे जब मैंने यह खबर पढ़ी तो मुझे निजी तौर पर ऐसा हुआ जैसे कि मेरी बहुत बड़ी हानि हो गई हो। वास्तव में असैम्बली में वे किस तरीके से बोलते थे, किस तरह से वे अपने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते थे क्योंकि हम भी उनसे आगे की पीढ़ी के हैं वह काबिले तारीफ था। उनको जन्म 1899 में हुआ था। उनकी आयु 82 वर्श की होने वाली थी। वैसे तो वे पूरी आयु लेकर इस दुनिया से गये हैं लेकिन फिर भी ऐसे क्रान्तिकारी और ऐसे स्वतन्त्रता सेनानी महानुभाव का देहान्त हो जाना अफसोसनाक है। उनके देहान्त पर अफसोस होना कुदरती बात है और जैसे मैंने कल भी कहा है और पहले भी कहता रहता हूं। इस किस्म का प्रस्ताव आया है तो मैं उसे फिर दोहराता हूं कि हम अगर वास्तब में ऐसी दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजली अर्पित करना चाहते हैं तो मैं समझता हूं कि उसका सही फायदा तभा हो सकता है जब हम उनके दिखाये हुए नक्शे कदम पर चलने की कोशिश करें। मैं विश्वास करता हूं कि जब यह सदन सर्वसम्मति से उनके प्रति श्रदांजली प्रकट करेगा तो इस बात का भी ध्यान करेगा कि उनके नक्शे कदम पर चला जाये। इन शब्दों के साथ में अपनी और अपनी पार्टी की ओर से उनके प्रति श्रद्धांजली प्रकट करता हूं।

डा. मंगल सैन (रोहतक): स्पीकर साहब, अभी मुख्यमंत्री जी ने एक शोक प्रस्ताव पेश किया है कि श्री अच्छर सिंह छीना

साहब का देहावसान हो गया है। उनके बारे में जैसे बाबू मूल चन्द जैन जी ने बताया वे विधान सभा के 1952 से 1957 तक सदस्य रहे। जब मैं पहली बार चुनकर 1957 में आया तेा वे पंजाब विधान सभा के सदस्य थे ओर असैम्बली में कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हुआ करते थे। स्पीकर साहब, हमने उनको बड़े करीब से देखा है। विचारों का मतभेद होते हुए भी उनमें एक बात बड़ी सराहनीय थी। उनका जीवन में जिस पीढ़ी से सम्बन्ध था, वह पीढ़ी वास्तव में समाज के कमजोर, निर्धन व शोशित वर्ग के लिये कार्य करती रही है। उस पीढ़ी में रहते हुए उन्होंने इन वर्गो के उत्थान के लिये काम किया। हालांकि उन्होंने शिक्षा विदेशों में ग्रहण की लेकिन उन्होंने देश प्रेम से प्रेरित होकर भारत की शोशित जनता के लिये कुछ करने का प्रयास किया और जीवन भर करते रहे और इस काम को बड़ी सफलतापूर्वक करते भी रहे। इसी कारण से वे 82 वर्श की आयु तक पहुंच पाये। लेकिन आज वे इस संसार में नहीं है। हमें उनके निधन पर बड़ा भारी खेद है। हमारी उनके परिवारजनों के साथ पूरी सहानुभूति है। मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी के सदस्यों की ओर से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि के पुश्प अर्पित करते हुए इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री बलदेव तायल (हांसी): अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने जो शोक प्रस्ताव हाउस में पेश किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मुझे केवल इतना ही कहना है कि

श्री छीना एक महना क्रान्तिकारी थे। उन्होंने देश की स्वतंत्रता की यानी आजादी की मिशाल जलाई। गरीबों का उत्थान किया और इसके साथ ही साथ गरीबों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मैं यह समझता हूं कि श्री छीना की मेहनत काफी हद तक सफल रही है, भारत का गरीब आज अपने अधिकारों को मांगने लग गया हैं। मैं इन चन्द शब्दों के साथ इतनी ही बात कहूंगा कि भारत से एक प्रस्तुतः मानव उठ गया है। मैं अपनी ओर से व अपनी पार्टी के सदस्यों की और से इस शोक प्रस्ताव में सम्मिलित होता हूं।

Mr. Speaker: Hon. Members, I fully associate myself with the deep feelings of grief expressed at the sad demise of this great son of India and an ex-legislator of Punjab and the homage paid by the House in the memory of the departed soul. Although I did not have the privilege of knowing him personally लेकिन जो उनकी बायोग्राफी यहां पर मुख्यमंत्री जी ने बतायी है, उससे हम सब देखते हैं कि उनकी कितनी रिच्च और वैरिड लाईफ थी। The great need of the day is to find a champion of the cause of the poor and the downtrodden and I think, he was one of the greatest champions of the poor and the down-trodden. जो हाउस की फीलिंग्ज है, जो हमने होमेज पे की हैं, वह मैं ब्रीव्ड फेमिली को कन्वे करूंगा लेकिन इस वक्त मैं सदन से रिक्वेस्ट करूंगा कि उनके औनर में हम राईज होकर दो मिन्ट की साइलैन्स आब्जर्व करें।

(इस समय दिवंगत आत्मा के सम्मान में सदन ने खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण किया।)

श्री मूल चन्द जैन: स्पीकर साहब, मेरे दो मोशन आपके विचाराधीन हैं। एक तो घरौंडा में जो 9 तारीख को इन्सीडैंट हुआ है, उसके बारे में है। जहां तक मुझे याद है वहां पर पीसफुल जलसे पर पुलिस की तरफ से बड़ा सीवियर लाठी चार्ज हुआ और बहुत से आदमी जख्मी हुए। वहां पर लाठी चार्ज हुआ और उसके ऊपर झूठे मुकदमें बनाये गये और उनको गिरफतार किया गया। इस बारे में मैंने डिटेल्ड काल अटैन्शन मोशन दिया हुआ है। वह तो आपके विचाराधीन था दूसरा मेरा एक और मोशन था.....

Mr. Speaker: Babu Ji, that is under examination.

श्री मूल चन्द: क्या घरौंडा वाला?

Mr. Speaker: Yes, that Call Attention motion is under examination and I have asked for the comments from the Government.

11.3.1981 को चौ. जगजीत सिंह पोहलू, एम.एल.ए. के निलम्बन सम्बन्धी निर्णय को रद्द करना

श्री मूल चन्द जैन: स्पीकर साहब, कल मैंने एक मोशन दी थी। वह मोशन है कि –

The suspension order of Sh. Jagjit Singh Pohloo be withdrawn and he be allowed to participate in the proceedings of the House.

श्री अध्यक्ष: वह अभी तक मेरे पास पहुंची नहीं हैं।

श्री मूल चन्द जैन: वह तो मैंने हाउस में पढ़ी थी। मैं समझता हूं कि अगर ट्रैजरी बैंचित की तरफ से किसी मैम्बर को सस्पैंड करने के लिए मोशन आ सकती है तो दूसरा मोशन यह भी आ सकता है कि उस आर्डर को विदड्रा किया जाए।

Mr. Speaker: Kindly let me have that motion in writing and I will examine it.

श्री वीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, कल आपके आश्वासन पर ही जबानी मूव की गई थी तथा हाउस में पढ़ी गई थी वरना हम तो लिखकर भी दे सकते थे। कल जो मोशन जबानी मूव की गई थी आप उस पर ही डिबेट करवा लीजिए।

चौ. रिजक राम: स्पीकर साहब, कल जो वाका हुआ था उसके बारे में आपने कहा था कि हाउस में शान्ति हो जाए उसके बाद जब हाउस डेढ़ बजे खत्म होगा तो उसके बाद मैं बातचीत के लिए कुछ मैम्बर साहेबान को बुलाऊंगा। स्पीकर साहब, बातचीत भी हो चुकी है। अब अगर कोई बातचीत हाउस में कर ली जाए तो अच्छी बात है।

डा. मंगल सैन: स्पीकर साहब, कल जब आप सदन में उपस्थित नहीं थे तो यह नाखुशगवार वाका हो गया था। जब आप हाउस में तशरीफ लाए तो आपने कहा था कि डेढ़ बजे मैं आप सब को बुला लूंगा और आप लोगों की जो दिक्कत है वह दूर कर दी जाएगी। ट्रेजरी बेन्चिज की तरफ से लीडर आफ दि हाउस भी आए थे, उनके सहयोगी भी तशरीफ लाए। बाबू मूल चन्द जैन, मैं और सुशमा जी भी आई थीं। हमने वहां आपके सामने प्रार्थना की थी कि हम भी यह बात पसन्द नहीं करते कि हाउस के डेकोरम के खिलाफ कोई बात की जाए। एक मैम्बर से गलती हो गई और हमने उसको कबूल कर लिया तो वह दरगुजर हो सकती है। हाउस में कई बार ऐसा हो जाता है। उसे माफ कर दीजिए। आपने कहा कि मैं टेप रिकार्ड और सारी प्रोसिडिंग्ज देख लेता हूं कि उनमें क्या लिखा हैं स्पीकर साहब, कल हम बार–बार कहते रहे कि हम डिविजन चाहते हैं, बैलट द्वारा डिविजन चाहते हैं। स्पीकर साहब, मुझे यह कहते हुए संकोच होता है कि उन्होंने आंख उठाकर भी हमारी तरफ नहीं देखा और वह बात रश थ्रू कर गए। शायद ऐसा लगता है कि वह पहले ही सोच कर आए थे। स्पीकर साहब, अभी सैशन दो–तीन सप्ताह चलना है। अच्छा वातावरण चल रहा है। अगर एक मैम्बर आ जाएगा तो कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। मैं आपके द्वारा चीफ मिनिस्टर साहब से कहता हूं कि जो कुछ कल हुआ है उसको दरगुजर कर दिया जाए।

श्री अध्यक्ष: कल मैं रिक्वैस्ट की थी कि डेढ़ बजे सैशन ऐडजर्न होने के बाद वेरियस ग्रुप्स के सब लीडर्ज मेरे चैम्बर में आएं और सब ग्रुप्स के लीडर साहेबान ने मेहरबानी की और मेरे पास आए और सबने मिलकर बातचीत की। मेरी जैनुयन फीलिंग यह थी कि अगर हो सके तो किसी कंसैन्सस पर हम पहुंचे। मैंने हाउस में अनाउंस कर दिया था कि जो चेयर का डिसिजन है that is final and nothing whatsoever in the rules leaves and discretion to anybody to overrule that decision. The only thing I could do was to try to arrive at some consensus for an agreement amongst the various group leaders and I am still trying to do that. कोई चीज एकदम तोड़ पर नहीं आती। मैं अब भी कोशिश कर रहा हूं कि इसके ऊपर सबकी सहमति से बात हो जाए। लेकिन इस बारे में दो बातें मैं हाउस के नोटिस में जरूर लाना चाहता हूं। नम्बर 1 यह है कि जो मैम्बर साहेबान सस्पैंड हुए हैं वह एक पार्टी को बिलौंग करते थे और उस पार्टी ने अपनी पार्टी का शायद डिस्पिलिन तथा डैकोरम मेनटेन करने के लिए ऐसा किया हो क्योंकि फैसला हुआ था कि हर पार्टी अपने लेजिस्लेटर्ज द्वारा डैकोरम और हाउस की डिगनिटी को मैनटेन करने में स्पीकर की मदद करेगी और हाउस की शोभा बढ़ाएगी। हो सकता है कि उस पार्टी ने अपने ऐग्रीमैन्ट के अनुसार हाउस का डैकोरम मैनटेन करने के लिए अपनी पार्टी के मैम्बर के खिलाफ ऐक्शन लिया हो। यह बात मेरे माइंड में प्ले करती है। (शोर एवं व्यवधान) When I am speaking, I will request everybody to litstne to me patiently. दूसरी बात जो मेरे माइंड

में आती है वह यह है कि मैं उस वक्त हाउस में नहीं था लेकिन जिस मैम्बर ने हो कोई हाउस के सामने डिस्कर्टसी की या जो कुछ भी किया, उसकी तरफ से इस वक्त तक न कोई अपोलोजी और न ऐक्सप्रैशन आफर रिग्रेट आई है लेकिन उसको छोड़कर तकरीबन सारे दोस्त उनकी तरफ से ऐक्सप्रैशन आफ रिग्रेट कर रहे हैं।

विरोधी पक्ष से आवाजें: आप उनको बुला लीजिए। आप उनको मौका तो दें।

श्री वीरेन्द्र सिंह: वह तो कल 1.30 बजे आपके चैम्बर में हाजिर हुए थे।

Mr. Speaker: Anyway these are two things that have a hearing on the subject and in my analysing of this episode, these two facts did come prominently into my mind. I can only say that I have heard the taperecorder myself and the decision, as I said, of the person sitting in the Chair is always final according to the rules. These is nobody who can revoke that decision. I am still trying to resolve the matter. जो बात मैं कह सकता हूं वह यह है कि तीन चार दिन से हाउस बड़ा पीसफुली चला है। इसके लिए मैं आप सब लोगौं को अपनी तरफ से मुबारिकबाद देता हूं कि इतनी पीसफुली ओर कंस्ट्रक्टिव वे में हाउस की प्रोसिडिंग्ज चली हैं लेकिन इसके साथ ही साथ, I wish to make an appeal to all sections of the Hosue kindly to give me the same cooperation and see that the proceedings of the House are conducted with decorum and in a manner that

brings out some purposeful discussion for the benefit of the State. From my side, I will strive my utmost to see that even for that episode, some sort of get-together takes place. It is the only thing which I can do.

Ch. Ram Lal Wadhwa: Speaker Sahib, I want to make a submission.....

Mr. Speaker: That matter is closed. (Interruptions) No further discussion on it please it would be endless.

श्री रण सिंह मान: स्पीकर साहब, मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि लोकतान्त्रिक तरीके से .....

श्री अध्यक्ष: आप किस विशय पर बोल रहे हैं?

श्री रण सिंह मान: स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि जब कोई लोकतान्त्रिक तरीके से अपनी मांगों को मनवाने की कोशिश करे और सरकार उन मांगों के बारे में चुप्पी साध ले तो बड़ा खतरनाक रूझान पैदा हो जाता है.....

श्री अध्यक्ष: आपने कुछ लिख कर दिया है?

श्री रण सिंह मान: मैं यह कहना चाहता हूं कि भिवानी में पिछले कुछ दिनों से आन्दोलन चल रहा है.....

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): It is not the subject before the House and nothing about it should be recorded. (Interruptions)

Mr. Speaker: Unless you give me something in writing I cannot allow it.

श्री रण सिंह मान: सारे हरियाणा की * * * *

Mr. Speaker: Nothing will be recorded.

श्री रण सिंह मान: स्पीकर साहब, * * * *

स्थगन प्रस्ताव –

लोहारू में कुछ गड़बड़ सम्बन्धी

Mr. Speaker: I had received notices of two adjournment motions on some disturbences in Loharu, one from Sh. Verender Singh and the other from Master Hukam Singh and both of these have been disallowed. I have received another adjournment motion from Sh. Ram Singh Mann on the same subject which I have also disallowed on the same grounds.

There will be sufficient opportunities available to the hon. Members to speak on these issues during the debate on the Governor's Address and during discussion on the Budget etc. There will be sufficient opportunities when points concerning law and order and other allied matters can be raised by the Hon. Members. Therefore, it is the gerneral convention that adjournment motions of this type, unless some urgent and emergent thing has taken place, are not generally allowed during the Budget Session.

श्री रण सिंह मान: स्पीकर साहब, मैं आपकी इजाजत से एक दो मिनट ही अर्ज करना चाहता हूं। हमारे एक दो साथियों ने दो काल अटेन्शन मोशन्ज दिए और वे आपने डिस–अलाउ कर दिये। संघर्श समिति ने आपको हमारा अगला प्रोग्राम दे दिया है। जिस वक्त ये काल अटेन्शन मोशन दिये गये थे, उस वक्त संघर्श समिति ने अपना 19 तारीख का रास्ता रोको प्रोग्राम नहीं दिया था। इसलिए इन हालात को देखते हुए मेरा जो मोशन था, उसको यहां पर डिसक्शन के लिये अलाउ किया जाए। इससे आगे मैं आपको बताना चाहता हूं कि सारे भिवानी जिले में सरकार की तरफ से पुलिस बिठा रखी है और खासकर लोहारू का इलाका तो सारा ही पुलिस से घिरा हुआ है।

श्री अध्यक्ष: मान साहब, गवर्नर ऐड्रेस पर आपको 10 मिनट देने का फैसला है, मैं आपको 12 मिनट बोलने के लिए दूंगा। उस वक्त आप अपनी सारी बातें कह देना।

श्री रण सिंह मान: स्पीकर साहब, धन्यवाद।

11.3.1981 को चौ. जगजीत सिंह पोहलू, एम.एल.ए. के निलम्बन सम्बन्धी निर्णय को रद्द करना (पुनरारम्भ)

स्वामी अग्नियेश: स्पीकर साहब, हमें इस बात की बड़ी खुशी है कि आपने टेप रिकार्डर सुना है (शोर एवं व्यवधान) स्पीकर साहब, यह बड़ा ही गम्भीर मसला है।

श्री अध्यक्ष: स्वामी जी, इस बात का इस तरह से तो कोई अन्त नहीं होगा।

स्वामी अग्नियवेश: अध्यक्ष महोदय आप हमारी बात तो सुनिये (शोर) अध्यक्ष महोदय, कल उपाध्यक्ष महोदय चेयर पर थे, जिस वक्त चेयर की तरफ से यह फैसला दिया गया था, उस वक्त हम सबने इसके लिये आपत्ति उठायी थी। (शोर) चेयर के फैसला के खिलाफ हमने यहां पर हाउस में डिस्कशन करने का और डिबेट करने का समय मांगा था, डिवीजन मांगी थी लेकिन हम लोगों को समय नहीं दिया गया। (शोर एवं व्यवधान) मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या आप ने जो अपनी रूलिंग दी है, वह टेप रिकार्डर सुनने के बाद दी है?

Mr. Speaker: The decision of the person sitting in the Chair is final. I have given my ruling.

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, फाइनल होगा सिर माथे पर लेकिन आप हमें एक मिनट तो बोलने के लिए दीजिये। रूलज तो देख लीजिऐ कया कहते हैं।

Mr. Speaker: The hon. Member can come and see me in my Chamber, (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती सुशमा स्वराज: स्पीकर साहब, मैं सिर्फ आपका एक मिनट ही लेना चाहती हूं। (शोर)

श्री अध्यक्ष: मैंने कहा है कि चेयर का जो फैसला है, वह फाइनल है फिर भी मेरे माइंड में मामला अभी ओपन है और मैं ऐग्जामिन कर रहा हूं। But if you want to further complicate the matter, you may keep on doing it. I would request you only अगर किसी रूल को मैंने ओवर लुक कर दिया हो तो आप मुझे बताएं। However, as started earlier in my mind the matter is still open and I will examine from a sympathetic point of view and I would request you to leave this matter here. If you want to bring some thing further to my notice, kindly come to my Chamber. I can make mistakes and it is only humance to make mistakes. If you have any thing to point out to me, please see me in my Chamber. This is my only request to you all.

श्रीमती सुशमा स्वराज: अध्यक्ष महोदय, मैं केवल एक मिनट ही बोलना चाहूंगी। * * * *

श्री अध्यक्ष: उस सबजेक्ट पर नहीं।

श्रीमती सुशमा स्वराज: अध्यक्ष महोदय, * * * *

श्री अध्यक्ष: यह रिकार्ड न किया जाए।

श्रीमती सुशमा स्वराज: अध्यक्ष महोदय, अभी अभी दो आबजर्वेशनज हाउस में की गयीं। हम आपके मुंह से निकले हुए हर शब्द का सम्मान करते हैं और मैं बड़े ही अदब के साथ कहना चाहती हूं। आपने कहा है कि चेयरमै का जो डिसीजन है, वह फाइनल है, मैं उसका पूरा सम्मान करती हूं। उस फाइनल

डिसीजन होने के बाद आपके पास बाबू मूल चन्द जैन जी ने एक मोशन मूव किया था जिसको आपने पोस्टपोन करवा दिया। मेरी गुजारिश है कि क्या आनरेबल मैम्बर्ज को दूसरा मोशन, जो कल बाबू जी ने मूव किया था, मूव करने का अधिकार नहीं है? कल यहां पर यह कहा गया था कि उन हालात में जबकि हीट जनरेट हुई हो तो इस पर विचार करना ठीक नहीं होगा। अध्यक्ष महोदय, आज जबकि 12–14 घण्टे गुजर गये हैं और टेम्पर भी कूल हो चुके हैं तो मेरी गुजारिश है कि उस मोशन को यहां पर मूव करने की इजाजत दे दी जानी चाहिये।

चौ. उदय सिंह दलाल: स्पीकर साहब, ऐसा है जैसा कि आपने फरमाया कि उस मैम्बर की तरफ से किसी किस्म की कोई बात नहीं है यानि वे सारे फैसले को कबूल करते हैं। अगर एक आदमी को फांसी की सजा हो जाए तो उसकी राश्ट्रपति के पास रहम की अपील भी हो सकती है। आप भी इसको एक रहम की अपील कंसिडर कर लीजिएगा। यह एक छोटी सी बात है, इसके ऊपर आप फिर विचार करियेगा।

श्री अध्यक्ष: अगर आप साहेबान उस मोशन को मूव करना चाहते हैं तो आप नोटिस दे दीजियेगा, मैं ऐग्जामिन कर लूंगा।

श्री मूल चन्द जैन: स्पीकर साहब, वह मोह तो मैंने कल मूव कर दिया था।

Mr. Speaker: You read it, I agree. But the permission of the Chair was not given. If you want to move it, please give me notice therefor. I will certainly welcome and examine it.

श्री मूल चन्द जैन: स्पीकर साहब, वह तो मूव हो चुका है।

श्री वीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, आपकी परमिशन के साथ ही यह मोशन पढ़ी गयी थी।

श्री अध्यक्ष: साहेबान, अब मैं फिर आपको कह रहा हूं कि अगर आप इसको मूव करना चाहते हैं तो नोटिस दे दीजियेगा। मैं ऐग्जामिन कर लूंगा।

11.00 बजे

Sh. Verender Singh: You may kindly check up the record. It was moved with your permission in the House.

Mr. Speaker: It was read out. It was not technically moved. (Interruption) If you are asking technicaly, firstly the hon. Member reads the motion which is then stated by the Chair. Only then the motion is treated as technically moved.

Sh. Verender Singh: You permitted it, Sir. (Interruptions)

Mr. Speaker: It was not technically moved. But as earlier stated, the matter is still open in my mind. मैं इतना ज्यादा रूल्ज का कीड़ा भी नहीं बनना चाहता हूं। अगर आप

बनाएंगे तो I will have to follow the rules strictly. लेकिन मैंने कहा है कि आप मुझे इसका नोटिस दे दीजिये, मैं इसको ऐग्जामिन कर दूंगा।

चौ. रिजक राम: स्पीकर साहब, अपोजीशन के सभी साथियों से मेरी प्रार्थना है कि जब स्पीकर साहब ने यह फरमा दिया है कि वे अब भी इस बारे में कोशिश कर रहे हैं तो –

श्री अध्यक्ष: चौधरी साहब इतना ही नहीं मैंने यह भी कहा कि यह मैटर अभी भी मेरे माइंड में ओपन है।

चौ. रिजक राम: मेरे ख्याल में इस बात को हवा देने के लिए अपोजीशन के साथी पोहलू साहब का ज्यादा ही साथ दे रहे हैं। (शोर)

श्री वीरेन्द्र सिंह: वे आपकी वजह से ही निकले हैं और आपकी वजह से ही बाहर बैठे हैं। (शोर)

चौ. रिजक राम: स्पीकर साहब, जब आपने यह फरमा दिया कि आप पूरी कोशिश कर रहे हैं और मामला अभी आपके दिल में ओपन है तो मेरी प्रार्थना यह है कि इस मैटर को क्लोज किया जाए। वे चाहे किसी की वजह से निकले हों और मैं तो खुद महसूस करता हूं कि उनका ज्यादा कसूर नहीं था (शोर) लेकिन सूफी साहब ज्यादा जोश में आकर ऐसा कर देते हैं। मेरा ख्याल है चीफ मिनिस्टर साहब जरूर इस पर सोचेंगे। (शोर)

चौ. राम लाल वधवा: * * * *

डा. मंगल सैन: * * * *

श्री अध्यक्ष: जो कुछ मेरी इजाजत के बगैर बोला जा रहा है वह रिकार्ड न किया जाए।

Mr. Speaker: Hon. Members, my ruling is that there will be no further discussion on the episode of the suspension of Ch. Jagjit Singh Pohloo in the House at present.

आनरेबल मैम्बर्ज, मुझे चौ. वीरेन्द्र सिंह, एम.एल.ए. की ओर से श्री गुगन राम, विलेज गढ़ी, तहसील हांसी, जिला हिसार की सिविल लौकअप हांसी में डैथ होने के बारे में एक काल अटैन्शन मोशन का नोटिस मिला है। मैं इसे मन्जूर करता हूं।

वाक आउट

डा. मंगल सैन: स्पीकर साहब, आपने कल कहा था कि आप डिप्टी स्पीकर की रूलिंग पर विचार करेंगे। (शोर)

श्री अध्यक्ष: आप मुझे मिस कोट न करें। मैं डिप्टी स्पीकर की रूलिंग के खिलाफ कुछ नहीं करूंगा।

विपक्ष की ओर से आवाजें: तो हम प्रोटैस्ट के तौर पर वाक आउट करते है।

(इस समय श्री बीरेन्द्र सिंह को छोड़ कर शेश सभी अपोजीशन के सदस्य सदन से वाक आउट कर गए)

श्री वीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, मैंने अपना काल अटैन्शन मोशन पढ़ना है इसलिये मेरा वाक आउट वैसे ही मान लिया जाए।

श्री अध्यक्ष: मान लिया। (हंसी)

वित्त मंत्री (चौ. खुरशीद अहमद): स्पीकर साहब, अगर ये भी वाक आउट में शामिल हैं तो ये मोशन कैसे पढ़ सकते हैं। मैं इस पर आपकी रूलिंग चाहूंगा।

श्री अध्यक्ष: इस पर मेरी रूलिंग यह है कि what is physically visible is visible. मैं तो अपनी तरफ से जो वाक आउट कर गए हैं उनसे भी रिक्वैस्ट करूंगा कि वे वापिस आ जाएं। ये तो यहां हैं इन्होंने वाक आउट नहीं किया है।

श्री वीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, आपने मान लिया था कि मैं वाक कर गया हूं। (शोर)

ध्यानाकर्शण प्रस्ताव –

गांव गढ़ी, तहसील हांसी के निवासी श्री गुगन सुपुत्र झाबर की गिरफतारी तथा बाद में सिविल हवालात हांसी में उसकी मृत्यु सम्बन्धी

श्री अध्यक्ष: श्री वीरेन्द्र सिंह जी, आपके काल अटैन्शन मोशन को मैंने ऐडमिट कर लिया हैं। आप उसे पढ़ दें। उसके बाद मंत्री महोदय अपनी स्टेटमैंट दे सकते हैं।

Sh. Verender Singh: Sir, I draw the attention of the House towards a matter of urgent public importance, namely, "one Sh. Gugan Ram of village Garhi Tehsil Hansi, Distt. Hissar was arested on February, 17, 1981 under section 69 of the land revenue act for non payment of a loan of Rs. 3038 which he had taken from the central Bank of India for installing a Gobar Gas plant in the year 1978. After his arrest he was put in Civil lock up at Hansi. On the morning of 4th March the above said Sh. Gugan Ram was found dead in his cell where he had been locked up. It is a matter of record that the deceased was not being supplied with meals since three days prior to the fateful day while in custody. The Government is duty bound to look after the well being of the detainee. The news of the death of Sh. Gugan Ram spread in the whole of Hansi Sub-Division within a spur of moment. The Govt. took no time in concocting a story of suicide. His body was taken to Civil Hospital, Hisar, Postmortem was conducted and report of suicide was manouvered by the Govt. Some three or four persons who were locked up in adjacent cells say that there was no cause for the deceased to commit suicide. The rather assert that Gugan Ram was ill treated by the administration.

The heirs of the deceased also assert that Gugan Ram has been murdered. The people of the sub-division felt quite pained and resented the manner and the circumstances under which he was found dead. On the 5th March about thirty thousand people of the area gathered at Hansi and made a demand of judicial inquiry in the whole episode and reasonable compensation to the family of the deceased. All the political parties got worked up and assured the people at large to help the people in meeting their demands. This sensational death of the poor peasant in dubious circumstances has created a great resentment amongst the minds of the people at large. People of the areas are feeling very much agitated and concerned at this sad happening nothing less than a Judicial Inquiry, will satisfy the people. The Government is trying to hush up the matter and has not come forward to meet the demand of the people. This action of the Government not ordering a Judicial Inquiry and probing the matter to the satisfaction of people at large constitutes a matter of urgent Public importance and requires immediate attention of this august House."

वक्तव्य–

राजस्व मंत्री द्वारा गांव गढ़ी, तहसील हांसी के निवासी श्री गुगन सुपुत्र झाबर की गिरफ्तारी तथा बाद में सिविल हवालात हांसी से उसकी मृत्यु सम्बन्धी

राजस्व मंत्री (चौ. शेर सिंह): अध्यक्ष महोदय, केस के तथ्य इस प्रकार हैं, कि श्री गुगन पुत्र झाबर, निवासी ग्राम गढ़ी तहसील हांसी, सैन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, हांसी द्वारा गोबर गैस प्लांट लगाने के लिए दिए गए ऋण 3028.10 (तथा ब्याज) का बाकीदार था। दिनांक 22.10.79 को कलैक्टर जिला हिसार ने ऋण की देय राशि को भू–राजस्व बकाया जात घोशित कर दिया। नियमों के अनुसार कई एक नोटिस जारी करने के बावजूद, मृतक बाकीदार ने राशि जमा नहीं करवाई। इन हालत में, सामान्य कार्यविधि के अनुसार तहसीलदार हांसी ने दिनांक 16.2.81 को मृतक के विरूद्ध पंजाब भू–राजस्व अधिनियम 1887 की धारा 69 के अन्तर्गत गिरफ्तारी कर लिया गया। दिनांक 17.2.81 से उसे राजस्व हवालात में रखा गया और दिनांक 25.2.81 को तहसील हांसी ने केस उपमण्डल अधिकारी (ना) हांसी के सम्मुख प्रस्तुत किया जिसने पंजाब भू–राजस्व अधिनियम 1887 की धारा 69 (3) के अन्तर्गत कलैक्टर की शक्तियों का प्रयोग करते हुए मृतक बाकीदार को 10 दिन की और अवधि के लिए बन्दी रखने के आदेश दिए।

मार्च 3/4 की दरमियानी रात को राजस्व हवालात हांसी में श्री गुगन समेत 7 बन्दी थे। उस रात को सारे बन्दी 12/12.30 बजे तक जाग रहे थे। 4 मार्च को लगभग 5 बजे प्रातः एक बन्दी श्री जवाहरा उठा और शौचालय गया। उसे ऐसा प्रतीत हुआ जैसा कि शौचालय के कोने मैं कोई भूत खड़ा था। वह डरा

हुआ वापिस आया और बाकी बन्दियों को इस बारे बताया। तब बन्दियों ने चौकीदार को बुलाया। चौकीदार ने दूसरे बन्दियों के साथ राजस्व हवालात को खोला और श्री गुगन को शौचालय में लटके हुए देखा। यह सूचना मिलने पर, तहसीलदार ने तुरन्त ही पुलिस स्टेशन हांसी को सूचित किया था जिलाधीश और वरिश्ट पुलिस अधीक्षक को बेतार संदेश भेजे। चिकित्सा अधिकारी और फोटोग्राफर भी बुलाए गए थे।

श्री एच.सी. दिसोदिया, अतिरिक्त जिलाधीश हिसार द्वारा मौके पर विस्तृत जांच की गई। उन्होंने सभी सम्बन्धित गवाहों के बयान लिए और अपनी रिपोर्ट दिनांक 5.3.81 में इस निश्कर्श पर पहुंचे कि मृतक बाकीदार को बन्दी रखने की कार्यवाही पूर्ण रूप से कानूनी थी और उसकी मृत्यु आत्महत्या अर्थात स्वयं ही लटकने से हुई। यह रिपोर्ट चिकित्सा तथा अन्य प्रमाणों के साथ भी मेल खाती है।

यह सुझाव गलत है कि आत्महत्या की कहानी गढ़ी गई है। गवाहों के बयान तथा डाक्टर द्वारा किए गए चिकित्सा निरीक्षण साफ तौर पर बताने हैं कि यह एक आत्महत्या का केस था। हवालात में बन्द व्यक्तियों में से किसी ने भी जांच अधिकारी के सामने ऐसा नहीं कहा कि श्री गुगन मृतक के साथ दुर्व्यवहार किया गया था या उसकी हत्या की गई थी।

स्थिति को कुछेक हितबद्ध पक्ष के व्यक्तियों द्वारा उछाला जा रहा है जो कि इसमें दुश्कार्य का गलत तौर पर शक कर रहे हैं।

अतिरिक्त जिलाधीश की जांच रिपोर्ट से सरकार पूर्णतया सन्तुश्ट है और उन्हें विश्वास है कि यह एक आत्महत्या का केस है। इस रिपोर्ट के दृश्टिगत न्यायायिक जांच कराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

श्री वीरेन्द्र सिंह: क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि श्री गुगन राम के साथ जो दूसरे डिटेनीज जेल में बन्द थे, उसकी मौत के बारे में उन सबके बयान लिए थे?

चौ. शेर सिंह: लिए थे।

श्री वीरेन्द्र सिंह: क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि उसके जो हेयर्ज हैं, कया इन्क्वायरी आफिसर ने उनके भी ब्यान किए थे।

चौ. शेर सिंह: उनके ब्यान नहीं लिए गए।

गैर–सरकारी संकल्प–

पिछड़ी श्रेणियों की आर्थिक तथा सामाजिक दशा सुधारने सम्बन्धी (पुनरारम्भ)

श्री अध्यक्ष: अब श्री जय नारायण वर्मा की ओर से 13 मार्च, 1980 को मूव किए गए रैजोल्यूशन पर डिस्कशन रिज्यूम होगी। पिछली बार दिनांक 10 जुलाई, 1980 को श्री मांगे राम गुप्ता जी अपनी स्पीच दे रहे थे, वे कृपया अपनी स्पीच जारी रखें।

सत्ताधारी पक्ष से आवाजें: स्पीकर साहब, श्री जय नारायण वर्मा हाउस में हाजिर नहीं है। (व्यवधान) इस पर आगे बहस नहीं हो सकती।

श्री वीरेन्द्र सिंह: वे अपना रैजोल्यूशन मूव कर चुके हैं तथा इस वक्त उनका हाजिर होना जरूरी नहीं है और इस पर बहस चल सकती है।

Sh. Jai Narain Verma: Sir, I had moved the resolution and I am also very much present now.

Mr. Speaker: I am sorry, there is no provision to drop this motion either the hon. Members will speak or it will have to be put to the vote of the House.

Sh. Mange Ram Gupta is not present. Now Sh. Lehri Singh Mehra may speak.

श्री लहरी सिंह मेहरा (रादौर–अनुसूचित जाति): माननीय अध्यक्ष महोदय, श्री जय नारायण वर्मा, एम.एल.ए. ने 13.9.1980 को जो प्रस्ताव हाउस में रखा था, उसके बारे में मैं आदरणीय माननीय सदस्य से निवेदन करूंगा कि वे अपना प्रस्ताव वापिस ले

लें और इस प्रस्ताव को वापिस लेने के लिए ही मैं सदन में कुछ कहना चाहता हूं। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) श्री वर्मा जी ने हाउस में डिस्कशन के लिए जो प्रस्ताव रखा है, उसमें पहली डिमांड यह है कि हरियणा सेवा आयोग में पिछड़ी जातियों के लिए नुमायंदगी होनी चाहिए। इसके बारे में मेरा निवेदन यह है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग में गरीब तबके के लिए, पिछड़े वर्ग के लिए नुमायंदगी होनी चाहिए, इसमें कोई दो राय नहीं है और मैं अपने अपोजीशन भाइयों को, जो बड़ी बड़ी बातें करते हैं, पिछड़ी जातियों और हरिजनों के हिमायती बनते हैं, बताना चाहता हूं कि इंडिया की हिस्टरी में केवल हरियाणा प्रदेश ही ऐसा प्रदेश है ओर वह भी चौ. भजन लाल का शासनकाल है, जिसमें बैकवर्ड क्लासिज के लिए सर्विसिज में 10 परसैट की रिजर्वेशन की हुई है। सारे भारतवर्श में इस प्रकार की मिसाल नहीं है जो चौ. भजन लाल की सरकार ने कायम की है। मैं मुख्यमंत्री महोदय को बधाई देना चाहता हूं जिन्होने सारे हालात का जायजा लेकर 10 परसैंट रिजर्वेशन की है। इससे पहले बैकवर्ड क्सासिज के लिए सर्विसिज में रिजर्वेशन केवल 2 सरसैंट थी, बाद में 5 परसैंट तक की गई और इसके बाद जब सोवा गया कि 5 परसैंट भी कम है तो चौ. भजन लाल की सरकार ने 10 परसैंट रिजर्वेशन करके सारे हिन्दुस्तान, में एक मिसाल कायम करके दिखा दी। उपाध्यक्ष महोदय दूसरा प्वायंट प्रस्ताव का यह है कि पिछड़ी श्रेणियों के सम्बन्ध में जो 3600 रूपये वार्शिक आय की ऐफिडैविट लिया जाता है, वह न लिया जाए। इसका मतलब यह है कि 3600 रूपये से

ज्यादा अगर सालाना आमदनी होगी तो आर्थिक सहायता नहीं दी जाएगी। वास्तव में उपाध्यक्ष महोदय, यह शर्त नहीं होनी चाहिए। यह जायज बात है क्योंकि 3600 रूपये वार्शिक आय तो मैक्सिमम लोगों की होगी और 3600 रूपये यानी 300 रूपये महीना की आमदनी से एक गरीब परिवार गुजारा नहीं कर सकता। जिस परिवार के आठ–दस सदस्य हों, उसका गुजारा 3600 रू. से नहीं हो सकता। इसलिऐ मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि वास्तव में यह लिमिट जो वीकर सैक्शन के लिए, बैकवर्ड क्लासिज के लिए, गरीब हरिजनों के लिए लगा रखी है, यह बिल्कुल उठा दी जानी चाहिए। आज एक गरीब आदमी जो दो रोटी कमा कर नही खा सकता उस पर इस प्रकार की शर्त नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही साथ मैं सरकार से यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि जितने भी टैक्निकल ट्रेडज हैं, इंजीनियरिंग ट्रेडर्ज हैं, ककर्शियल ट्रेडज हैं, पौलिटैक्निकल और आई.टी.आई. हैं, इन सब मैं ऐडमीशन लेने के लिए बैकवर्ड क्लासिज के लिए 15 परसैंट आरक्षण होना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं केवल बैकवर्ड क्लासिज के लोगों की ही बात नहीं करता बल्कि हरियाणा के अन्दर जो भी गरीब तबका है, जिसको एक दिन का खाना मिलने के बाद दूसरे दिन के भोजन का फिक्र सताता रहता है और जिसे इसी फिक्र में रात को नींद नहीं आती, उसकी बात भी कर रहा हूं। ऐसी फैमिलीज केवल बैकवर्ड क्लासिज में ही नहीं हैं, केवल हरिजनों में ही नहीं हैं बल्कि हरियाणा में रहने वाले हर कास्ट के लोगों में हैं, ब्राहमणों में भी इस तरह की फैमिलिज हैं, जाटों में भी इस तरह

की फैमिलिज हैं और दूसी कास्टम के लोगौं में भी इस तरह के परिवार हैं जिनके पास खाने को दाना नहीं और रहने के लिए मकान नहीं। इसलिए मेरी सरकार से अपील है कि वह इस बारे में कोई आवश्यक पग उठाए।

16 मार्च, 1981 को प्रश्नोत्तर काल निलम्बित करना

Mr. Depty Speaker: A request has been received from the Leader of the House to dispense with the question hour on the 16th March, 1981. Have I sense of the House to do so?

Voices: Yes.

Mr. Deputy Speaker: So there will be no question hour for the meeting of the Sabha to be held on the 16th March, 1981.

श्री भले राम: डिप्टी स्पीकर साहब, क्वैश्चन अवर तो जरूर होना चाहिए, भले ही ये सैशन का समय दो दिन और बढ़ ले।

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल): उस दिन बजट पेश होना है। इसलिए इसमें कोई हर्ज नहीं है।

श्री उपाध्यक्ष: वैसे भी अब तो सैन्स आफ दि हाउस ली जा चुकी है।

श्री भले राम: उपाध्यक्ष महोदय, 16 तारीख वाले क्वैश्चन्ज फिर कब टेक अप होंगे।

चौ. भजन लाल: अगले दिन टेक अप कर लेंगे। 16 वाले 17 को और 17 वाले 18 तारीख को टेक अप हो जाएंगे। इसी तरह से बाकी दिन का हो जाएगा।

गैर–सरकारी संकल्प (पुनरारम्भ)

श्री लहरी सिंह मेहरा: डिप्टी स्पीकर साहब, भाई जय नारायण वर्मा ने जो प्रस्ताव हाउस में रखा है मैं उसके बारे में आगे बोलना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा आज भारतवर्श में वैसे तो डिवैल्पमैंट के लिहाज से न. एक प्रान्त है और इसका श्रेय अपनी सरकार को जाता है लेकिन मैं अपनी सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो लोग, चाहे वे बैकवर्ड क्लासिज से ताल्लुक रखते है, चाहे हरिजन जाति से ताल्लुक रखते हैं, चाहे अनुसूचित जाति से सम्बन्ध रखते हैं ओर चाहे जरनल कैटेगरी से ताल्लुक रखते हैं, गरीबी की रेखा से नीचे हैं उनकी हालत सुधारने के लिए हमारी सरकार अवश्य कोई कड़े पग उठाए।

उपाध्यक्ष महोदय, इस प्रस्ताव में एक प्वायंट यह रखा गया है हरियाणा हरिजन कल्याणा निगम की तरह एक बैकवर्ड क्लासिज डिवैल्पमैंट फाइनैन्शल कार्पोरेशन भी बनाया जाए लेकिन मैं अपने अपोजिशन के भाइयों को यह बताया चाहता हूं कि वे भी दो अढ़ाई साल सरकार में रहे लेकिन वे इस तरह का कोई निगम

नहीं बना सके। यह चौ. भजन लाल जी की सरकार है जिसने बैकवर्ड क्लासिज की वैल्फेयर के लिए दो करोड़ रूपये की पूंजी सबसे पहले दी। यह बहुत तारीफ की बात है। मैं अपनी सरकार को, जिसने बैकवर्ड क्लासिज की मांग को ध्यान में रखते हुए इतना अच्छा स्टैप उठाया है, बधाई देता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, अपोजिशन के जो भाई सरकार पर फजूल के लांछन लगाने पर तुले हुए हैं और अपने आप गरीबों का हिमायती बनने का दावा करते हैं, उन्हें मैं बताना चाहता हूं कि वे हालांकि दो साल तक राज करके गए है लेकिन उन्होंने गरीबों के लिए, किसानों के लिए और मजदूरों के लिए कुछ नहीं किया, इनकी सरकार ने इनके बारे में सोचा तक नहीं। हमने कितनी बार यहां कहा कि हरिजनों की रिजर्वेशन पूरी हनहीं है और बैकवर्ड क्लासिज के साथ अत्याचार हो रहा है लेकिन इनके मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल ने यह कह कर हरिजन विधायकों को धमकाया था कि क्या तुमने हरिजनों का ठेका लिया हुआ है? आज ये भाई इस बात की चर्चा करते हैं कि चौ. देवी लाल ने हरिजनों के लिए बहुत कुछ किया। यह बात बिल्कुल गलत है। आज की सरकार ने हरिजनों ओर बैकवर्ड क्लासिज के लिए जो कुछ किया है उतना इनके लिए हरियाणा की हिस्टरी में कभी नहीं हुआ है। इसलिए इस बात के लिए मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, इनको तो इस सरकार का शुक्रगुजार होना चाहिए क्योंकि इसने बहुत से अच्छे काम किए हैं, कर रही है और आयंदा भी करेगी। इस सरकार ने यह फैसला किया है कि जो भी चंडीगढ़ से सरकार का

हुक्म होगा उसका फायदा आम आदमी तक पहुंचना चाहिए। उपाध्यक्ष महोयद प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं होती। जिस दिन हमारी सरकार बनी थी उसी दिन मजदूरों की मजदूरी 6 रूपये से बढ़ाकर 8 रूपये कर दी गई थीं इसी तरह से इस सरकार ने उन स्वीपर भाईयों की तंख्वाह में 50 रूपये महीने की बढ़ौतरी की जो हजारों सालों से सताये हुए हैं। बैकवर्ड क्लासिज निगम भी इसी सरकार ने स्थापित किया है यही नहीं उपाध्यक्ष महोदय, इस सरकार ने बैकवर्ड क्लासिज के भाइयों की रिजर्वेशन दो प्रतिशत से बढ़ाकर दस प्रतिशत भी की है। ये सब बातें प्रशंसा की हैं लेकिन मैं अपनी सरकार को एक सुझाव भी देना चाहता हूं। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, मेरा सुझाव यह है कि सरकार ने रिजर्वेशन के लिए फैसला तो बहुत अच्छा किया है लेनिक दु:ख की बात यह है कि किसी भी महकमें में यह रिजर्वेशन पूरी नहीं है। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहब, यह भाई आज तो इस तरह से बातें कर रहे हैं लेकिन चौ. देवी लाल जी के राज में हमारा हाल यह था कि –

तू है शिकारी मैं हूं पंछी

पर तो मेरे फड़कने दे

यदि पर भी फड़कने नहीं देता

तो गरकने (मरने) तो दे।

डिप्टी स्पीकर साहब, उस समय हमारा यह हाल था। कोई बोल नहीं सकता था लेकिन आज हम खुले दिन से मन चाही बात कह सकते हैं। चाहे यह हमारी सरकार है लेकिन जो कभी हमें नजर आती है उसे हम खुले दिल से कहते हैं। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, हमारे माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाशण यहां दिया उसमें यह बताया गया कि स्पैशल कंपोनैन्ट प्रोग्राम के तहत पिछड़े वर्ग के लोगों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें दो जाएंगी। यहां इस समय 321000 परिवारों ऐसे हैं जो गरीबी की रेखा से नीचे हैं। उनके लिए सरकार ने यह प्रावधान किया है कि आने वाले पांच साल में कोई परिवार गरीबी की रेखा के नीचे नहीं रहेगा। लेकिन इस बारे में भी मैं अपनी सरकार से एक प्रार्थना करना चाहूंगा। मेरे ख्याल में आज की जनगणना के मुताबिक चूंकि यह फिगर 321000 की बजाए 5 लाख की हो जाएगी। इसलिए हमारी सरकार को पांच लाख परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर ले जाने का प्रयत्न करना चाहिए न की केवल 321000 परिवारों को।

मैं इसी के साथ–साथ जो हमारी कमियां है उनको भी बताना चाहता हूं। हाउस के सामने जो बैकवर्ड क्लासिज के लिए रैजोल्यूशन आया है उसके बारे में अर्ज करना चाहता हूं। अपोजीशन के भाई जो हर बात में यहां हाउस में और बाहर भी बावेला मचाते है कि यह मौजूदा सरकार हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के लिए कुछ नहीं कर रही है, उनको बताना चाहता हूं

कि सरकार तो बहुत कुछ करना चाहती है। इन लोगों से सरकार द्वारा सही काम जो किये जा रहे हैं वे देखे नहीं जा रहे। इन लोगों की कुर्सी छिन गई है इसलिए इनका दिमाग सैन्टर में नहीं है इन लोगों का दिमाग बौखला गया है इसलिए मैं यह बातें कह रहा हूं।

श्री जय नारायण वर्मा: डिप्टी स्पीकर साहब, ये बैक्वर्ड क्लासिज की वैलफेयर के लिए बोल रहे हैं या किसी दूसरी चीजों के बारे में बोल रहे हैं? (शोर)

श्री लहरी सिंह मेहरा: डिप्टी स्पीकर साहब, कुर्सी के काटे का कोई इलाज नहीं है। कुत्ते के काटे हुए का इलाज है लेकिन कुर्सी के काटे का कोई इलाज नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब आज की सरकार ने गरीबों के लिए बहुत कुछ किया है। हरियाणा में कोई ऐसा गांव नहीं रहेगा जिसमें 31 मार्च तक सड़क नहीं जायेगी। मैं चैलेन्ज करता हूं कि 31 मार्च तक कोई गांव हरियाणा में बिना सड़क के नहीं होगा।

श्री जय नारायण वर्मा: उपाध्यक्ष महोदय, ये बैकवर्ड क्लासिज के रैजोल्यूशन पर बोलना चाहते हैं या लिंक रोड पर बोलना चाहते हैं।

श्री लहरी सिंह मेहरा: सरकार की तरफ से जो डिवैल्पमैंट के कार्य किये गये हैं वे हर वर्ग के लिए हुए हैं। सारे वर्गों को उनसे फायदा पहुंचेगा। चाहे कोई जाट है, हरिजन है,

बैकवर्ड क्लास का है सभी को फायदा पहुंचेगा। हमारी सरकार ने यह भी फैसला किया है कि सन् 1981 तक हमारे हरियाणा में कोई गांव नहीं रहेगा जहां पर गरीबों की गलियों में लाईट नहीं पहुंचेगी। यह कोई छोटा फैसला नहीं है।

श्री जय नारायण वर्मा: आन ए प्वायंट आफर आर्डर, सर। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं माननीय सदस्य से बड़े आदरपूर्वक ढंग से पूछना चाहता हूं और साथ ही आपकी रूलिंग भी चाहता हूं कि क्या वे गवर्नर ऐड्रेस या बजट की डिस्कशन पर बोल रहे हैं या रैजोल्यूशन पर बोल रहे हैं?

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य रैजोल्यूशन पर ही बोलें।

श्री लहरी सिंह मेहरा: उपाध्यक्ष महोदय, आप इस प्रस्ताव को पढ़ कर देख लें, इन्होंने जो इसमें प्ववायंटस रखें हैं उन्हीं पर मैं बोल रहा हूं। इन्होंने काफी बातें इस रैजोल्यूशन में ऐसी रखी है जिनके बारे में सरकार पहले ही फैसला ले चुकी है। मेरे भाई को कई बातों का कुछ पता ही नहीं है। मैं अगर फिर उन बातों पर बोलूंगा तेा वे कहेंगे कि मैं बजट पर बोल रहा हूं। उनको यह भी मालूम नहीं है कि अभी तक हाउस में बजट पेश भी नहीं हुआ है। ये पढ़े–लिखे आदमी हैं इनको पता होना चाहिए कि बजट तो 16.3.81 को पेश होगा।

जहां तक बैकवर्ड क्लासिज का ताल्लुक है, इसमें कोई दो राय नहीं है कि बैकवर्ड क्लासिज को जितनी सहूलियतें मिलनी

चाहिए थीं उतनी नही मिली है। उन सहूलियतों के बारे में मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि चाहे वह मेरा रादौर का हल्का है, चाहे जयनारायण वर्मा जी का हल्का है चाहे चीफ मिनिस्टर साहब का आदमपुर का हल्का है, हर हल्के में पिछड़ी हुए और विमुक्त जातियों के लिए सरकार को अधिक से अधिक कार्य करना चाहिए। जिस प्रकार से दूसरे मुल्कों में अमेरिका, जापान, चाइना और रूस में सभी लोग आर्थिक दृश्टि से बराबर है। उसी प्रकार से यहां भी होने चाहिए।

डिप्टी स्पीकर सहाब, आरक्षण के मामले में जो सर्टिफिकेट इन्कम का मांगा जाता है वह खत्म किया जाना चाहिए। जो आदमी गरीब हैं उनको सारा गांव जानता है। किसी भी आदमी का 3600 रूपये साल की आमदनी से आज के हालात में गुजारा नहीं हो सकता। इसलिए जो सर्टिफिकेट बैकवर्ड क्लासिज या हरिजनों से मांगा जाता है यह बन्द होना चाहिए। उनको बिना किसी बात का सबूत दिये हुए फैसिलिटीज मिलनी चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह भी निवेदन करूंगा कि बैकवर्ड क्लासिज के लिए जो दस परसैन्ट की रिजर्वेशन की है इसको बढ़ाकर 15 परसैन्ट करना चाहिए। दूसरे बैकवर्ड क्लासिज कार्पोरेशन के लिए जो दो करोड़ रूपया रखा है यह बहुत थोड़ा है। इसको बढ़ा कर पांच करोड़ करना चाहिए ताकि ज्यादा से

ज्यादा पिछड़े हुए भाइयों को लाभ पहुंच सके और वे गरीबी की लाईन से ऊपर उठ सकें।

डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा में हरिजन कल्याण निगम है। उसकी कुल पूंजी 5 करोड़ है। आप सभी साथी जानते हैं और किसी से छुपी हुई बात नहीं है कि हरियाणा के अन्दर पांच लाख हरिजन परिवार हैं इन पांच लाख परिवारों के लिए पांच करोड़ रूपये की पूंजी बहुत कम है। इस पूंजी को बढ़ा कर 15 करोड़ करना चाहिए ताकि गरीब परिवारों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें मिल सकें अगर उस कार्पोरेशन को अधिक पैसा दिया जायेगा तो गरीब परिवार भी दूसरे लोगों के बराबर आ सकते हैं।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह भी आपके जरिए हाउस को बताना चाहता हूं कि हमारी हरियाणा सरकार में कितने ही ऐसे डिपार्टमैंटस हैं जिनमें अभी तक रिजर्वेशन पूरी नहीं हुई है चाहे वह रिजर्वेशन बैकवर्ड क्लासिज के लिए है या चाहे हरिजनों के लिए है। बैकवर्ड क्लासिज की दस परसैन्ट रिजर्वेशन तो बिल्कुल ही पूरी नहीं की गई है। तो मेरी इस सरकार से प्रार्थना है कि बैकवर्ड क्लासिज के 10 परसैन्ट के आरक्षण को पूरा करने के लिए सरकार जल्दी से जल्दी कड़े कदम उठाये। उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक हरिजनों का ताल्लुक है उनकी भी रिजर्वेशन किसी भी विभाग में पूरी नहीं है। (शोर) यदि आज कोई भाई यह समझते हैं कि श्रेणी चार में हरिजनों की रिजर्वेशन पूरी है तो ऐसा कहना उनके लिए शोभा नहीं देता। श्रेणी चार के अन्दर हमारे बहुत से बुजुर्ग

आदमी भी काम करते है। क्लास चार के अन्दर हमारी माताएं–बहनें कूड़ा–करकट उठाती हैं। (शोर) यदि अपोजीशन के भाईयों को मेरी बातों का कुछ ऐतराज है तो उनको भी कूड़ा करकट और टट्टी उठानी चाहिए और क्लास फोर में अपना पूरा हिस्सा लेना चाहिए। (शोर) उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि किसी भी डिपार्टमैंट में रिजर्वेशन पूरी नहीं है इसका एक उदाहरण मैं आपको देना चाहता हूं। हरियाणा गवर्नमैंट की एक सरकारी प्रैस है। मैं आपको यह लिखकर भी देने के लिए तैयार हूं कि प्रैस में जितने भी मैनेजर या ऐसिस्टेंट मैनेजर हैं उनमें कोई भी बैकवर्ड क्लास या हरिजन नहीं है। जितना भी वहां पर कलैरिकल स्टाफ है उस में भी रिजर्वेशन पूरी नहीं है डिप्टी स्पीकर साहब, इससे बड़ी अन्याय की बात नहीं हो सकती। (शोर) मैं अपने अपोजीशन के भाईयों को बताना चाहूंगा कि यहां पर दो साल पहले जब इनकी सरकार थी तो इन्होंने हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के लिए कुछ नहीं किया। जब चौ. देवी लाल के समय हम इनके बारे में आवाज उठाते थे तो हमें कहा जाता था कि क्या तुम ही ने सारे हरिजनों का ठेका ले रखा है। उस समय हमें बोलने तक नहीं दिया जाता था। आज की सरकार चौ. भजन लाल जी की सरकार है। यह हमारी सरकासर है हम अपनी सरकार के बारे में जो कमियां हैं उनके बारे में कह सकते हैं। (शोर) उपाध्यक्ष महोदय, चौ. देवी लाल के समय में इनकी जुबान दबी हुई थी। उनके सामने बोलने की इनकी हिम्मत नहीं होती थी। * * * * (शोर)

श्री जय नारायण वर्मा: उपाध्यक्ष महोदय, यह बात ऐक्सपंज होनी चाहिए।

श्री भले राम: उपाध्यक्ष महोदय, यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा।

श्री उपाध्यक्ष: ये शब्द ऐक्सपंज कर दिए जायें।

श्री लहरी सिंह मेहरा: उपाध्यक्ष महोदय मैं यह कह रहा था कि जब इनके समय में .....(शोर)

श्री उपाध्यक्ष: सरकार जो काम करने जा रही है आप उसके बारे में जिक्र करें।

श्री लहरी सिंह मेहरा: डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं उसी बात पर आ रहा हूं। मैं हाउस को बता देना चाहता हूं कि जब पिछली सरकार थी तो उसने हरिजनों को और बैकवर्ड क्लासिज को जमीन देने की कोशिश नहीं की। जब से चौ. भजन लाल जी की सरकार आई है यह फैसला लिया गया है कि देहात के अन्दर जितनी भी सरप्लस जमीन निकलेगी वह सारी की सारी हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के लोगों में बांट दी जायेगी। इस सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि जिनके पास बिल्कुल जमीन नहीं है उनको भी जमीन दी जायेगी। उपाध्यक्ष महोदय आप भी अच्छी प्रकार से जानते हैं कि जिन आदमियों के पास रहेन के लिए जगह नहीं है सरकार उनको प्लाट दे रही है।

चौ. वीरेन्द्र सिंह: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। उपाध्यक्ष महोदय, हाउस डेढ़ बजे तक चलना है। इसलिए मेरी आपसे रिक्वैस्ट है कि गवर्नर ऐड्रैस पर अभी काफी मैम्बरों ने बोलना है। इसलिए समय का ध्यान रखें।

श्री उपाध्यक्ष: चौ. लहरी सिंह जी आप जल्दी खत्म करने की कोशिश करें।

श्री लहरी सिंह मेहरा: उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी सरकार को और हाऊसिंग बोर्ड के चेयरमैन को मुबारिकबाद देता हूं। (शोर)

श्री भले राम: 5 प्रतिशत पावर्ज वापस ले ली इसलिए मुबारिकबाद देना चाहते हो। (शोर)

श्री लहरी सिंह मेहरा: उपाध्यक्ष महोदय, मैं दावे के साथ कहता हूं कि ये पावर्ज छीनी नहीं गई थी चौ. ईश्वर सिंह चेयरमैन हाउसिंग बोर्ड ने अपनी मर्जी से स्वयं वापिस करके एक बहुत बड़ा उदाहरण पेश किया है। जब इनकी सरकार थी तो ये लोग तो हमारे पीछे कुर्सी लिऐ फिरते रहे (शोर) लेकिन हमने इनकी कुर्सी लैने से इन्कार कर दिया क्योंकि इनके दिल में बैकवर्ड क्लासिज और हरिजनों के प्रति कोई हमदर्दी नहीं है। (शोर) ये जो चेयरमैन की बात कर रहे हैं (शोर).....

श्री जय नारायण वर्मा: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। उपाध्यक्ष महोदय, यह किसी हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन का इशू

नहीं बल्कि यह बैकवर्ड क्लासिज की स्पैसिफिक डिमान्ड का इशू है।

श्री लहरी सिंह मेहरा: उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिए अपने अपोजीशन के भाईयों को बताना चाहूंगा कि जब से चौ. ईश्वर सिंह हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन बने हैं तब से लेकर आज तक का आप रिकार्ड उठा कर देख सकते हैं कि सबसे ज्यादा प्लाट बैकवर्ड क्लासिज और हरिजनों को दिए गए हैं इनकी यह पूरी कोशिश हो रही है कि जिनको मकान अलाट करने बाकी हैं (शोर)

श्री भले राम: आप हमारी बात तो सुन लें। (शोर)

श्री लहरी सिंह मेहरा: ये जो शोर मचा रहे हैं कि चेयरमैन की 5 प्रतिशत पावर्ज कम कर दी गई थी ऐसा नहीं है। उन्होंने अपन पावर्ज कम करने के लिए खुद कहा था। मेरे अपोजीशन के साथी भाई श्री जय नारायण वर्मा जी यहां पर बैठे हैं ये कह रहे हैं कि पावर्ज कम कर दी। मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि ये भी चेयरमैन थे जिस समय इनको चेयरमैन के पद से हटाया गया तो इन्हें अपनी चेयरमैनी कायम रखने के लिए कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। (शोर) (घंटी) और एक ये (चौ. ईश्वर सिंह) चेयरमैन हैं जिन्होंने अपनी मर्जी से पावर कम करने के लिए आदरणीय मुख्यमंत्री जी से कहा है और अपनी हरियादिली का सबूत दिया है। इनके चेयरमैन में और हमारे चेयरमैन के दिन में

दिन रात का अन्तर है। गरीबौं का नाम लेकर वैसे ही मगरमच्छ के आंसू मेरे विरोधी दल के साथी बहा रहे हैं परन्तु हमदर्दी गरीबों के लिए इनके दिल में तनिक भी नहीं है। (व्यवधान व शोर) उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा आज वह प्रदेश है जिसमें गांव में रहने वाले आदमी कोई भी ज्यादा जमीन वाले नहीं हैं। हरियाणा में बड़े लैंडलार्ड नहीं हैं। सिर्फ चन्द एक आदमियों के पास दो एकड़ या तीन एकड़ से ज्यादा जमीन है, इससे ज्यादा जमीन किसी के पास भी नहीं है। बहुत थोड़े गिनती के आदमियों के पास इससे ज्यादा जमीन होगी यह भी लोकदल के भाई ज्यादा बड़े लैंडलार्ड हैं। इसके साथ ही साथ मैं आपको बता देना चाहता हूं कि हरियाणा में सिर्फ पिछड़ी हुई जातियां नहीं रहती हरिजन ओर गिरीजन भी रहते हैं। उनको भी ऊपर उठाने की और सरकार को ज्यादार से ज्यादा सख्त कदम उठाने चाहियें। (व्यवधान व शोर) इसी तरह से मैं एक और बात आपको बताना चाहता हूं कि जो बैकवर्ड क्लासिज के भाई किसान, मजदूर जिन्होंने खून और पसीना एक करके देश की उन्नति पर लाने की हरदम कोशिश की है। उनके लिए हर प्रकार की सहूलियत देना सरकार का कर्तव्य है।

चौ. हरि चन्द हुड्डा: आन ए प्वायंट आफर आर्डर, स्पीकर साहब, चौ. लहरी सिंह ने तो बहुत सी बातें कहीं हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि इस आदमी ने चौ. देवी लाल को दबाया, चौ. भजन लाल को चटाया और चौ. चांद राम को

भगाया। (व्यवधान व शोर) इसमें चौ. देवी लाल को दबाया, चौ. भजन लाल को चटाया और चौ. चांद राम को भगाया।

श्री लहरी सिंह मेहरा: उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक चौ. हरि चन्द हुड्डा जी का सम्बन्ध है, ये मेरे बड़े बुजुर्ग साथी हैं। मैं इनको समझता हूं कि ये दरिया दिल हैं और इन्होंने इसका विश्वास पूरे सदन का करा दिया है। जहां तक चौ. चांद राम जी का सम्बन्ध है, पहले ये लोग उनको बहका कर ले गये थे। जब उन्होंने इसकी असलीयत देखी तो फिर अपनी भूल पर पछताये। इन्होंने उनके साथ विश्वासघात किया। (शोर) लेकिन अब फिर चौ. चांद राम जी को ये अपने साथ ले जाने की कोशिश में हैं मैं इनको बता देना चाहता हूं कि माननीय चौ. चांद राम जी हमारे वाहिद लीडर हैं और आकर फिर इनकी छाती पर बैठने वाले हैं और बैठेंगे। (शोर व घंटी)

श्री उपाध्यक्ष: अब आप बैठिये। अब आपको स्पीच रिकार्ड नहीं होगी।

श्री लहरी सिंह मेहरा: अगर आपका ऐसा आदेश है तो मैं बैठ जाता हूं।

चौ. अजीत सिंह (बेरी): उपाध्यक्ष महोदय, आज सदन में जिस गैर–सरकारी प्रस्ताव पर बहस चल रही है, मैं उसके बारे में कुछ कहना चाहता हूं। इस प्रस्ताव में पांच मांगे कही गयी हैं। पहली मांग तो यह है कि लोक सेवा आयोग में पिछड़ी श्रेणियों

को नुमायंदगी दी जाए। दूसरी मांग यह है कि पिछड़ी श्रेणियों के सम्बन्ध में 3600 रूपये की वार्शिक आय की शर्त हटा दी जाए।

श्री उपाध्यक्ष: मैं हाउस से यह निवेदन करूंगा कि यह माननीय सदस्य की मेडन स्पीच है। We must buck him up (Thumping)

चौ. अजीत सिंह: तीसरी मांग जो है वह यह है कि डाक्टरी, इंजीनियरिंग, व्यवसायिक तथा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं आदि के लिए 15 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जायें तथा पिछड़ी श्रेणियों से सम्बन्धित विद्यार्थियों को फीस मुआफी, उदारता से वजीफे देने तथा ऋण आदि देने की सुविधाओं की व्यवस्था की जाए। चौथी मांग है कि हरिजन कल्याण निगम के आधार पर पिछड़ी श्रेणियों के लिए एक अलग पिछड़ी श्रेणियों का विकास निगम स्थापित किया जाये और पांचवी तथा अन्तिम मांग है कि पिछड़ी श्रेणियों की भलाई के लिए एक अलग पिछड़ी श्रेणियों का विभाग कायम किया जाए। अभी तक प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है और बहुत से सदस्यों ने इसमें भाग लिया। अभी–अभी दूसरी ओर से बोलते हुए हमारे साथी ने व्यक्तिगत बातों की चर्चा की इस संकल्प के बारे में उन्होंने चर्चा बहुत कम की। मैं थोड़े से समय में ही दो चार मुख्य सुझाव इस बारे में देना चाहता हूं। पहली बात तो यह है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग में पिछड़ी श्रेणियों को नुमायंदगी दी जाये क्योंकि पिछड़ा हुआ वर्ग हमारे यहां पर जो है, वह ऐसा हो गया है जिसे लगता है कि उसका कुद नहीं

है। उनके लिए आरक्षण दिया जाये। हमारे प्रदेश में जो पिछड़ी हुई जातियां हैं, जैसे लोहार हैं, नाई हैं, धोबी हैं, खाति हैं, जुलाहे हैं उनकी दशा तभी सुधरेगी जब आप ऐसा करेंगे। इनकी दशा सुधरेगी तो हमारे प्रदेश का ढांचा सुधरेगा अगर प्रदेश का ढांचा सुधरेगा तो देश का ढांचा सुधरेगा। आज तक हमारी व्यवस्था ऐसी रही है कि इसके अन्दर सरकार की ओर से पिछड़ी जातियों को कोई संरक्षण और आरक्षण नहीं दिया गया है इसलिए मैं यह चाहता हूं कि लोक सेवा आयोग में उन्हें जरूरी नुमायंदगी दी जानी चाहिए। दूसरी बात जहां तक पिछड़ी श्रेणियों के लिए 3600 रू. की वार्शिक आय की बात है, यह शर्त भी हटायी जानी चाहिए। तीसरी बात जो है वह मुख्य है। वह यह है कि डाक्टरी, इंजीनियरिंग तथा अन्य शैक्षिणक संस्थानों आदि में दाखले के लिए पिछड़ी श्रेणियों के लिए 15 प्रतिशत सीटें रिजर्व की जायें। जैसे हमारे जितने भी मैडीकल कालेज हैं, यह इंजीनियारेग कालेज हैं, आई.टी.आई. हैं या दूसरे संस्थान हैं, ऐसे सभी संस्थाओं में उनके लिये 15 प्रतिशत रिजर्वेशन होनी चाहिए। (शोर व व्यवधान)

श्री जय नारायण वर्मा: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। इस गरिमामय सदन में मैं आपकी मार्फत बैकवर्ड क्लासिज के नुमायंदे के तौर पर बैठ और बने हुए मिनिस्टर से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि वे कम से कम पिछड़े हुए वर्गो के लोगों के बारे में जो कुछ यहां पर कहा जा रहा है, उसे गौर से सुन तो लें।

Mr. Speaker: No direct intervention please, Sh. Ajit Singh ji, please continue.

चौ. अजीत सिंह: आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, इन शिक्षा संस्थाओं में पिछड़ी हुई श्रेणियों के विद्यार्थियों के लिए दाखिले में रिजर्वेशन अवश्य होनी चाहिए। इससे जब इन श्रेणियों के विद्यार्थियों को दाखिलें मिलेंगे तो इनको हौसला होगा कि हमारी पिछड़ी हुई जातियों के लोग भी इन स्कूलों का कालेजों में पढ़ने के लिए जाते हैं। उनमें जो अच्छे प्रखर बुद्धि वाले बच्चे होंगे, वे आगे आयेंगे। जैसे हरिजन बच्चों के लिए यह सुविधा दी हुई है क्योंकि वे ओपन कम्पीटीशन में आगे नहीं आ सकते, इनके लिये भी यह सुविधा दी जानी चाहिए। इससे जो खाति हैं, लोहार हैं, नाई हैं, धोबी हैं या तेली हैं, उनके लड़के भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेगें। इस सुविधा के मिलने से उनको बहुत सहायता मिल सकती हैं। इसमैं साथ ही बगैर ब्याज का कर्जा भी दिया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थियों को आर्थिक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। अगर हम ऐसा करेंगे तो उनके हौसले बढ़ेगे और अगर उनके हौसले बढ़ेगें तो हमारा प्रदेश ज्यादा तरककी करेगा। वजीफे की व्यवस्था भी इन पिछड़े हुए लोगों के लिए की जानी चाहिए जहां तक ऋण देने की बात है, यह हमारी सरकार नहीं दे रही है। पंजाब वाली सरकार उनको ऋण वगैरा भी दे रही है। पहले जो कुम्हारा हमारे गांव में मिट्टी के बर्तन बनाता था, वह अब खत्म हो गया है, गांव में जो चीजें पहले बनती थी, अब वह खत्म हो गयी हैं, जुलाहे, मोची यानी जितने भी हमारे पिछड़े भाई

हैं, इनके हाथों से उनके उद्योग छिन गए हैं। सरकार को चाहिए कि इनको उद्योग धन्धे लगाने के लिए ऋण दे ताकि यह बेरोजगार नहीं रहें। हम आजकल देखते हैं कि बड़े बड़े कारखानों की स्थापना होने से छोटे उद्योग मृत प्रायः से हो गए हैं यानी वे बिल्कुल ही मर गए हैं। ऐसी पिछड़ी हुई जातियोमं के लोगों को जा अभी भी गांव में बसते हैं, उनको छोटे उद्योग धन्धे लगाने के लिए सरकार की तरफ से ज्यादा से ज्यादा ऋण दिया जाना चाहिए वह ऋण बिना ब्याजन के होना चाहिए। उसकी आदयगी भी किश्तों में जोकि आसान हों, ली जाए यह मैं सुझाव देना चाहता हूं। आज हमारे पिछड़े हुए वर्ग की हालत गरीबी के भी नीचे हो गयी है। सच्चाई यह है कि ये लोग इतने गरीब हैं कि समाज में सबसे नीचे रह गए हैं। समाज में उनके नीचे रहने का कारण यह है कि उनकी तरफ पूरा ध्यान नहीं दिया गया। उन लोगों को गरीबी की रेखा के नीचे रखने के लिए अगर कोई जिम्मेवार है तो वह वर्तमान सरकार है।

12.00 बजे

क्योंकि पिछड़े वर्ग के कल्याण के काम के लिए, नौकरी के लिए, वजीफे के लिए और दाखिले के लिए जितनी भी बातें आई हैं, किसी ने भी उन कल्याणकारी कामों को नहीं उठाया और सदा ही पिछड़े वर्ग के लोगों को दबाकर रखा। दिल से ये लोग काम नहीं करना चाहते हैं। ये लोग अगर दिल से काम करना चाहते तो गरीबों की बहुत ज्यादा सहायता की जा सकती थी।

हरिजन कल्याण निगम की तरफ से बैकवर्ड क्लासिज निगम भी बननी चाहिए। (व्यवधान) अगर बन गई है तो बहुत अच्छी बात है और अगर नहीं बनी है तो निगम बननी चाहिए। इसी तरह से बोर्ड तथा निगमों की स्थापना करके हमारे बैकवर्ड क्लास के लोगों की सहायता की जा सकती है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज की वैलफेयर के ये इंचार्ज हैं और उसका भला ये सरकार में रहते हुए कर सकते हैं लेकिन ये कहना नहीं चाहते। ये केवल उनके प्रति दिखावा रखते हैं। इनके दिल में कोई दर्द नहीं है। अगर इन कांग्रेस वालों के दिन में दर्द होता तो इतने साल आजादी मिले हो गए है इन बैकवर्ड क्लासिज के भाइयों का बहुत भला हो सकता था हमारी कांग्रेस सरकार पैसे के बल पर और पूंजीपतियों के सहारे पर चल रही है। पूंजीपति पैसे वाले हैं और वे ही बड़े बड़े कारखाने चला रहे हैं। बड़े कारखाने तभी चल सकते हैं जब कि छोटे उद्योग न पनपें, छोटे उद्योग खत्म हो जाएं। हमारे ये दोस्त पूंजीपतियों के हाथों में बिके हुए हैं और पूंजीपतियों के इशारे पर नाच रहे हैं। इस बारे में मैं एक बार कहना चाहता हूं–

इस पूंजीवादी चक्कर ने दुनिया को नाच नचाया है,

दुर्भिक्ष, दीनता, कंगाली सब पूंजी का ही चक्कर है।

यह सरकार पूंजीपतियों की ऐजेन्ट है। उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक पिछड़ी जातियों को ऊपर उठाने की बात है तो खाति, लुहार,

नाई, धोबी और सुनार आदि के जो लड़के हैं उनके लड़कों को वजीफा मिलना चाहिए। कितने ही और तरीके हैं जिनसे इनकी मदद की जा सकती है। परन्तु यह सरकार तो सारे काम दिखावे के लिए कर रही है। दिखावा कुछ करती है और अन्दर कुछ रखती है। यह सरकार पिछड़ी जाति के लोगों को ऊपर नहीं उठाना चाहती हैं इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि अगर उनके दिल में दर्द है तो श्री जय नारायण वर्मा ने पिछड़ी जाति के लोगों के बारे में जो पांच मांगें रखी हैं उनको मन्जूर किया जाए। अगर सदन उन मांगों को मन्जूर नहीं करता तो इस बारे में वोटिंग होनी चाहिए जिससे पता लग जाएगा कि कौन गरीबों का विरोध करने वाला है और कौन उनका हितैशी है। डिप्टी स्पीकर साहब, इतना ही कहकर मैं समाप्त करता हूं।

चौ. हरिचन्द हुड्डा (किलोई): डिप्टी स्पीकर साहब, यह जो रैजोल्यूशन हाउस के जेरेगौर है यह बैकवर्ड क्लासिज के उत्थान के बारे में है। डिप्टी स्पीकर साहब, वैसे अगर देखा जाए तो सारा हिन्दुस्तान ही बैकवर्ड हैं जो मुल्क एक हजार साल तक गुलाम रहा हो वह बैकवर्ड से भी नीचे है। जो देश भुखमरी का शिकार हो वहां के लोग भी भुखमरी के शिकार होंगे ओर जो लोग भुखकरी के शिकार होंगे वे लोग बैकवर्ड होंगे। इसलिए जो लोगों की सोशल कंडीशन को उठाने का रैजोल्यूशन है उसी पर बोलते हुए मैं कहूंगा कि आज जो देश की स्थिति है उस स्थिति में हमें बैकवर्ड पर हंसना नहीं चाहिए। जो लोग उन पर हंसते हैं

उन लोगों की लिस्ट बननी चाहिए। वही लिस्ट हम बनाने जा रहे हैं। हम जिस लोकदल पार्टी से ताल्लुक रखते हैं वह लोकतन्त्र में विश्वास रखती है और जो नोटतंत्र राज पिछले तीस साल से चल रहा है हम इसको दूर करने जा रहे हैं और वह इसलिए दूर करेंगे कि बीस परसैट हरिजनों का नाम लिया जा रहा है कि इस देश में बीस परसैन्ट हरिजन हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, हम इनको चूहड़ा, चमार नहीं कहते हम इनको इन्सान समझते हैं। बीस परसैन्ट बैकवर्ड क्लास के लोग कहे जाते हैं जिनमें खाति, लुहार, नाई वगैरह आते हैं। हम इनको लुहार, खाति नहीं समझते बल्कि इनको इंसान समझते हैं। इन लोगों ने इस तरह से 40 परसैन्ट लोगों को बिल्कुल अलग रखा हुआ है। लेकिन मेरा कहना यह है कि हिन्दुसतान में 80 फीसदी लोग बैकवर्ड हैं। बीस परसैन्ट लोग ऐसे हैं जो अस्सी परसैन्ट लोगों को लूटकर खा रहे हैं। ऐसे बीस परसैन्ट लोगों की हम लिस्ट बना रहे हैं। (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, बीस परसैन्ट आदमी हिन्दुस्तान की अस्सी फीसदी आबादी को खा रहे हैं, कांग्रेस ऐसे आदमियों को बढ़ावा दे रही है। कांग्रेस गरीबों को खत्म करने में उन बीस प्रतिशत पूंजीपतियों को सहारा दे रही है। इसलिए इस रैजोल्यूशन को पास करने का जो मुद्दा है वह यह है कि पता लग जाएगा कि उन गरीबों को सहारा देने वाला कौन है और उनकी खिलाफत करने वाला कौन है। आज जो लोग बैकवर्ड क्लासिज को ऊपर उठाने के लिए मगरमच्छ के आंसू बहाते हैं उनका पता लग जाएगा कि वे कितने पानी में हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, आज हिन्दुस्तान का किसान

चाहे वह जाट है, चाहे वह अहीर है ओर चाहे वह किसी और जाति का है, वह गरीब है। उसका गुजारा नहीं चल रहा हैं। उपाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान एक कृशि प्रधान देश है यहां पर ज्यादा आबादी किसानों की है। इसलिए अस्सी प्रतिशत लोग गरीब हैं और बीस प्रतिशत लोग अस्सी प्रतिशत लोगों का खून चूस रहे हैं। ऐसे लोगों को तलवार से मार देना चाहिए। लोक दल लोकतन्त्र में विश्वास करता है इसलिए मैं अपने दोस्तों ऐ एक ही बात कहना चाहता हूं और खासकर उन लोगों से कहना चाहता हूं जो उधर बैठे हैं कि आप कुर्सी का इतना गुमान न करों। कुर्सी तो आनी जानी चीज है। आप कुर्सी के लिए दल बदल मत करो। इसलिए मेरी गुजारिश है कि यह रैजोल्यूशन पास किया जाना चाहिए। हम इसको स्पोर्ट करते हैं। इसको प्रैक्टिकल शेश हम वक्त आने पर देंगे। मैं इतना ही कह कर समाप्त करता हूं।

क्लोजर

Smt. Sushma Swaraj: (Ambala Cantt.): Deputy Speaker Sahib, under rule 89, I want to move the closure motin and I beg to move–

That the question be now put.

श्री वीरेन्द्र सिंह (नारनौंद): मैं इसका समर्थन करता हूं।

Mr. Deputy Speaker: I may read out the Rule, Rule 89 reads-

"89(1) At any time after a question has been proposed any member may move, "That the question be now put" and unless it appears to the Speaker that the motion is an abuse of these Rules or an infringement of the right of reasonable debate, the Speaker shall put the question:-"

Smt. Sushma Swaraj: Unless it appears to the Speaker that the motion is an abuse of these Rules or an infringement of the right of reasonable debate, यह मोशन पुट की जा सकती है। उपाध्यक्ष महोदय, मुझ पर यह जिम्मेदारी आती थी कि मैं आपको बताऊं कि यह रीजनेबल कैसे है। आप भली प्रकार इस से परिचित है कि यह प्रस्ताव इस हाउस में पहली बार नहीं आया है। पिछले तीन सत्रों में इस पर बहस कर चुके हैं। केवल मात्र सरकार वोट से बचने के लिये, क्योंकि अगर वोट होती है तो उनकी पोजीशन खराब होती है और अगर वोट इसके हक में सीध्सी देते हैं ओर यह रैजोल्यूशन पास हो जाता है तो इनको यह आपत्ति होगी कि अपोजीशन को रैजोल्यूशन पास हो गया और अगर ये रिजैक्ट करवाते हैं तो इनसे पिछड़ी जाति के लोगों को हमदर्दी खत्म हो जाएगी। इसलिये ये प्रैक्टिकल तौर पर डिले करना चाहते हैं। आज के एजेन्डे के ऊपर इसके इलावा 4 रजोल्यूशन ओर हैं और उनका महत्व भी बहुत ज्यादा है। इस रैजोल्यूशन के तुरन्त बाद जो रैजोल्यूशन है, वह हरियाणा के प्राइवेट कालेज अध्यापकों से सम्बन्धित है। इसलिए इस रैजोल्यूशन के बारे में जो क्लोजर मोशन है, इसके जरिये कोई इंफ्रिजमेंट मैम्बर्ज के अधिकारों पर नहीं है। बजट पर बोलने के

लिये, गवर्नर ऐड्रैस पर डिस्कशन के लिये टाइम लिमिट होती है, इस रैजोल्यूशन पर उससे भी ज्यादा डिस्कशन हो चुकी है। मेरी आपसे रिक्वैस्ट है कि आप इसको डिसअलाउ न करें और वोट के लिये हाउस के आगे पेश कर दिया जाए। धन्यवाद।

सहकारिता तथा योजना मंत्री (ठाकुर बीर सिंह): डिप्टी स्पीकर साहब, अभी जैसा कि बहिन सुशमा जी ने बताया कि पिछले तीन सत्रों से इस रैजोल्यूशन पर चर्चा चल रही है, इसी बात से इस बात की इम्पार्टेन्स जाहिर हो जाती है कि ये लोग इसको कितना चाहते हैं ओर इस इम्पार्टेन्स को देखते हुए इस रैजोल्यूशन पर पूरी तरह से डिस्कशन होनी चाहिये ओर अभी हमारी पार्टी की तरफ से भी बहुत सारे मैम्बर साहेबान बोलने वाले रहते हैं। इसलिये मेरी रिकवेस्ट यह है कि इस पर अभी डिस्कशन जारी रहनी चाहिये। (शोर एवं व्यवधान)

श्री जय नारायण वर्मा: डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे कम से कम पहले तो आपकी तरफ से बोलने से पहले संरक्षण मिलना चाहिये कि जो–जो बातें मैं कहना चाहता हूं उसको पूरा सदन ध्यान से सुने और मुझे बीच में इंट्रप्ट न किया जाए (शोर एवं व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, जो क्लोजर का मोशन मूव हुआ है, उस पर मैं बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं।

श्री उपाध्यक्ष: वर्मा साहब, आप पहले ही 30–35 मिनट अपने मोशन पर बोल चुके हैं।

श्री जय नारायण वर्मा: उपाध्यक्ष महोदय, मैं तो मोशन का मूवर हूं। मैं अपने मोशन के सिलसिले में नहीं बल्कि इस क्लोजर मोशन की स्पोर्ट के लिये 2 मिनट के लिये बोलना चाहता हूं। (शोर एवं व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, अभी हमारे सामने बहन सुशमा जी ने अपना मोशन मूव किया है, इस रैजोल्यूशन पर पहले ही काफी डिस्कशन हो चुकी है इसलिये क्लोजर मोशन को हाउस में पुट किया जाए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: मैं हाउस की सैन्स देखकर ही यह मोशन अभी पुट नहीं कर रहा हूं। (शोर)

श्री बलदेव तायल: डिप्टी स्पीकर साहब, क्लोजर मोशन मूव हो चुका है। आप कृपया रूल 90 के तहत कम से कम टाईम लिमिट तो कर सकते हैं कि इस आइटम पर इतना टाईम लगेगा और उस पर इतना टाईम लगेगा।

चौ. राम लाल वधवा (करनाल): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यहां पर क्लोजर का मोशन मूव हुआ है। उस सम्बन्ध में मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि जिस तरह से बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी सभी आइटमज पर समय नियुक्त करती है कि इस रैजोल्यूशन के लिये इतना समय और फलां बिलों के लिये इतना समय होना चाहिये, उसके मुताबिक आज के एजेंडे के बारे में टाईम फिक्स नहीं किया गया हैं तीन सैश्रान पहले गुजर गये हैं, जबसे इस रैजोल्यूशन पर डिस्कशन

चल रही है। इसके अलावा क्या कोई और महत्वपूर्ण रैजोल्यूशन नहीं है, जो कि यहां पर आएगा। इसके इलावा और जो रैजोल्यूशन हैं, वे भी काफी महत्वपूर्ण हैं, इसलिये मैं आपका ध्यान रूल 90 की ओर दिलाना चाहता हूं, जिसमें लिखा है कि –

"90 (1) Whenever the debate on any motion in connection with a Bill or any other motion becomes, in the opinion of the Speaker, unduly protracted, the Speaker, may, after taking the sense of the Assembly, fix a time limit for the conclusion of discussion on any stage or all stages of the Bill or the motion, as the case may be."

उपाध्यक्ष महोदय, आप एजेण्डा पर देखिये कि इस रैजोल्यूशन के लिये कितना टाईम, और दूसरी आइटम्ज के लिए कितना टाईम है इसलिये आप अलग–अलग आईटम पर टाईम फिक्स कर दें (शोर)

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल): डिप्टी स्पीकर साहब, अभी बहुत से मैम्बर बोलने वाले बाकी है। टाईम लिमिट कैसे होगी?

चौ. राम लाल वधवा: उपाध्यक्ष महोदय, आप नान–आफिशियल डे है, इसलिये हर आइटम पर अलग–अलग टाईम फिक्स किया जाना चाहिये था, इसी बारे में मैं पहले रूल 90 आपको यहां पर पढ़ कर सुना चुका हूं। इसलिये मेरी गुजारिश है कि जो इसके मूवर हैं उनकी बातें भी यहां पर आनी चाहिये, वे भी पब्लिक के रिप्रैजैन्टेटिवज हैं उनको अपनी बात को कहने का पूरा अधिकार है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि हरेक आइटम के

लिये अलग–अलग टाईम फिक्स कर दिया जाए (शोर एवं व्यवधान) सारी बातें यहा पर डिस्कस होनी चाहिएं। अगर एक ही मसला 20 दिन तक चलता रहा तेा इसका मतलब यह है कि कोई और मसला इस हाउस के अन्दर डिस्कस नहीं होगा। रूलिंग पार्टी की तरफ से जो इतना महत्वपूर्ण बिल आया है उस पर भी कोई टाईम फिक्स नहीं हुआ। तो मैं प्रार्थना करूंगा कि रूल 90 बड़ा क्लियर है और आप हाउस से यह पूछ लीजिये कि कितना–कितना टाईम देना चाहिए। आप हाउस की सैन्स लेकर रैजोल्युशन और बिल के लिए टाईम मुकर्रर कर दीजिये। यह एक लीगल प्वायंट है। मैं यही सबमिशन करना चाहता था और जो बहिन सुशमा ने मोशन पुट किया हैं उसका मैं समर्थन करता हूं कि अब इस रैजोल्यूशन पर डिबेट कलोज की जाए।

श्री मूल चन्द जैन (सम्भालखा): डिप्टी स्पीकर साहब, बहिन सुशमा ने जो क्लोजन मोशन दिया है मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, रूल 89 में लिखा है–

"At any time after a question has been proposed any member may move. "That the question be now put", and unless it appears to the Speaker that the motion is an abuse of these Rules or an infringement of the right of reasonable debate, the Speaker shall put the question:-

"That the question be now put."

तो इस केस में अलग–अलग किस्म के मोशंज पर मैम्बरों का अधिकार खत्म हो रहा है क्योंकि एक ही मोशन पर लम्बी चौड़ी डिस्कशन हो रही है। मुझें इस बात का अफसोस है कि हम हाउस में इस तरह का वातावरण पैदा करना चाहते हैं। रूलिंग ग्रुप इस रैजोल्यूशन पर राय देकर इसको खत्म भी नहीं करना चाहता। इनकी मैजोरिटी है अगर ये इस पसन्द नहीं करते तो इस रिजैक्ट कर सकते हैं लेकिन ये रिजैक्ट भी नहीं होने देना चाहते। इस रैजोल्यूशन पर यह पिछले सैशनों से बराबर बहस करवा रहे हैं (शोर एवं व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं रिजैंट करता हूं कि चीफ मिनिस्टर साहब, खुद लीडर आफ दि हाउस होकर बी में दखल दे रहे हैं। तो मैं कह रहा था कि इसी तरह से मैने भी पंचायती राज के संबंध में एक रैजोल्यूशन दिया था और गवर्नमैंट की अश्योरेंस पर उसे 6 मार्च, 1980 को वापिस ले लिया था। उस समय ठाकुर बीर सिंह और राव राम नारायण ने अश्योरेंस दी थी। राव राम नारायण तो चले गये लेकिन ठाकुर साहब तो अभी वजीर हैं। उन्होंने मुझे कहा था कि जैन साहब जिस तरह से आप चाहते हैं हम उससे भी दो कदम आगे जाएंगे। लेकिन आपको पता है कि दो कदम आगे तो क्या जाना था ये तो पीछे चले गये है। इसी तरीके से आज भी हम इस प्रस्ताव को वापिस लेने से डरते है। अगर ये इस प्रस्ताव में दी गई बातों को नहीं मानते तो तो यह रिजैक्ट हो सकता है लेकिन इस बहस को लम्बा करना हाउस के टाईम को वेस्ट करना है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि रूलिंग ग्रुप हाउस के वेल्यूएबल टाईम को जाया कर रहा है

(शोर) डिप्टी स्पीकर साहब, अगर ये बैकवर्ड क्लासिज के हमदर्द हैं तो ये इस रैजोल्यूशन को स्वीकर क्यों नहीं करते? इस वक्त क्वैश्चन बहुत छोटा सा है कि जो सुशमा जी का मोशन है उसको पुट किया जाए। रूलज के मुताबिक यह पुट होना चाहिए, अगर रिजैक्ट होना होगा तो हो जाएगा। लेकिन कवैश्चन पुट करना ही पड़ेगा।

Mr. Deputy Speaker: In the connection, I may draw your attention to page 786 of the book "Practice and Procedure of Parliament" by Kaul and Shakdher which says –

"A closure motion may be moved at any time, subject to the condition that if another member is speaking he should be allowed to conclude his speech, and also subject to the right of reply, if any being exercised by the mover. It is in the discretion of the Speaker to accept the motion if he considers that there has been sufficient debate and time is ripe for such a motion. The discretion of the Speaker is limited to the acceptance of the closure motion but the final decision rests with the House to decide whether the debate should end or not. Even if there appears to be a general feeling in the House in favour of the closure motion, the Speaker has full discretion to refuse it if he is of the opinion that there has not been sufficient debate."

यह बात बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी के सामने भी थी (शोर)

आवाजें: नहीं जी।

चौ. राम लाल वधवा: डिप्टी स्पीकर साहब, आप हाउस की सैन्स लेकर टाईम फिक्स कर दीजिये। (शोर)

श्री उपाध्यक्ष: बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी में बाबू जी बैठे थे, कोई टाईम फिक्स नहीं किया गया था। (शोर)

श्री मूल चन्द जैन: डिप्टी स्पीकर साहब, जो मोशन सुशमा जी ने पुट किया है, उस पर आप वोटिंग करवा दें। हम आपसे जजमैंट नहीं मांग रहे हैं, हाउस अपनी राय देगा।

चौ. भजन लाल: ठीक है हाउस की राय ले लीजिये। हमें कोई एतराज नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी में यह मैटर आया था उसमें कोई समय तय नहीं किया गया था कि इस पर इतने समय के लिये बहस होगी। अगर मैम्बर साहेबान इस पर और बोलना चाहते हैं तो उनको कैसे रोका जा सकता है? हर मैम्बर को बोलने का अधिकार है। क्या बैकवर्ड क्लासिज के यही ठेकेदार हैं? बैकवर्ड क्लासिज के लिये जितना हमारी सरकार ने किया है उतना किसी सरकार ने नहीं किया। आप जानते हैं कि हाउस मास्टर है इसलिये आप हाउस की सैन्स ले लीजिये। अगर मैम्बर इस पर और बोलना चाहते हैं तो वे बोलेंगे।

चौ. राम लाल वधवा: उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं। दो बातें हैं एक तो यह है कि मैंने रूल 90 पढ़ा है उसमें क्लियर है कि हाउस की

सैंस लेकर आप टाईम फिक्स करेंगे। दूसरी बात यह है कि लीडर आफ दी जाउस यह बात कह रहे थे कि मैम्बर इस पर और डिस्कशन करना चाहते हैं। तो कया यह प्रैसीडैंट कायम हो गया है कि जिस भी इशू पर मैम्बर बोलना चाहें उस पर टाईम की स्पीकर साहब की तरु से कोई लिमिट नहीं रहेंगी, उनकी खुली छुट्टी होगी। क्या यह स्पीकर के राइट मैं है?

डा. मंगल सैन (रोहतक): डिप्टी स्पीकर साहब, आपने कौल एंड शकधर की किताब को कोट किया और पेज 786 का हवाला दिया लेकिन उसके बाद आपने आगे पढ़ना छोड़ दिया। उसके आगे लिखा है–

"....However, once the closure motion has been accepted by the Speaker, no discussion is permissible on the question whether there has been sufficient debate or not..."

इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब, अब आप इसमें इन्टरफियर करें। आप हाउस की सैन्स ले लीजिये कि यह रैजोल्यूशन तीन सैशनों से चल रहा है आया यह सफीशिएंटली डिबेट हो चुका है या नहीं। अगर मेरे भाई बैकवर्ड क्लासिज के लिए इतने ही मगरमच्छ के आंसू बहाते हैं तो इस प्रस्ताव को मान क्यों नहीं लेते?

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं। (व्यवधान) मेरी आपसे सबमिशन भी है और आग्रह भी करता हूं कि इस रैजोल्यूशन पर डिबेट लम्बी करके हाउस का समय जाया न किया जाए। (व्यवधान एवं शोर)

चौ. भजन लाल: आन ए प्वायंट आफर आर्डर सर। (शोर)

चौ. राम लाल वधवा: आप कौन से रूल के तहत प्वायंट आफ आर्डर रेज कर रहे हैं? (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: वधवा साहब, आप इतनी बार प्वायंट आफ आर्डर पर खड़े हुए हैं, आप किस रूल के तहत खड़े हुए थे? (व्यवधान)

चौ. भजन लाल: उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफर आर्डर यह है कि जब रैजोल्यूशन पर मैम्बर बोलना चाहते हों तो आप उनको किस रूल के तहत रोक सकते हैं? मैम्बर्ज को बोलने देना चाहिए। (व्यवधान)

श्रीमती सुशमा स्वराज: डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इस प्वायंट पर कुछ बोलना चाहती हूं। इसमें पहले अगर कुछ मंत्री महोदय बोलना चाहते हों तो मेरे से पहले बोल सकते हैं वरना मुझे बोलने की इजाजत की जाए। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: आप बोल लें। (व्यवधान)

श्रीमती सुशमा स्वराज: डिप्टी स्पीकर सहाब, मुख्यमंत्री जी और दूसरे सदस्य जो ट्रैजरी बैचिज पर बैठे हैं .....(व्यवधान) मेरी बात सुन तो लीजिए। डिप्टी स्पीकर साहब, कुछ मंत्रियों ने और ट्रेजरी बैंचिज की तरफ से कई सदस्यों ने कहा कि वे इस

प्रस्ताव से हमदर्दी रखते हैं इसलिए वे इस प्रस्ताव पर और ज्यादा बोलना चाहते हैं। इस पर मेरा कहना यह है कि सरकार बैंचिज के सदस्यों और अपोजीशन बैंचिज के सदस्यों के द्वारा इस प्रस्ताव के जरिए पिछड़ी जातियों के साथ हमदर्दी जाहिर करने के दायरे अलग अलग हैं। विपक्षी पक्ष अपनी हमदर्दी कुछ बात कह कर जाहिर कह सकता है और ट्रेजरी बैंचिज वाले बात कह कर नहीं बल्कि कुछ कर के जाहिर कर सकते हैं, इनको कहने की ज्यादा जरूरत नहीं है। (व्यवधान) अपोजीशन वाले अपनी बात कह चुके हैं आप अपोजीशन की तरफ से पिछड़ी जातियों के लोग सन्तुश्ट हैं लेकिन रूलिंग पार्टी की तरफ से सन्तुश्ट नहीं हैं (व्यवधान) If the Speaker is satisfied that reasonable time has been taken .....(Interruptions.)

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): This is no point of order. This is a speech. What is your point of order? (Interruptions.)

श्रीमती सुशमा स्वराज: विपक्ष वाले तो कुछ कह कर उनसे हमदर्दी जाहिर कर सकते हैं लेकिन सरकार तो समस्याओं का समाधाान करके ही अपनी हमदर्दी दिखा सकती है। हमने तो अपनी हमदर्दी पूरी दिखाई है और अन्त में हय कह रहे हैं कि इस विशय पर डिबेट पूरी हो चुकी है, अब सरकार ने इनकी समस्याओं को हल करना है। अगर सरकार इनकी समस्याओं को सही मान लेती है तो इस पर आगे डिबेट करने की जरूरत नहीं हैं। (व्यवधान)

जेल तथा दुग्ध विकास मंत्री (चौ. शिव राम वर्मा): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि सरकार ने पिछड़ी जातियों के लिए काफी कुछ किया है। इनके लिए रिजर्वेशन बढ़ा दी और एक निगम की स्थापना भी कर दी है। सरकार अपनी तरफ से तो पूरी कार्यवाही कर रही है, इससे ज्यादा ये और क्या चाहते हैं? (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: आप बैठ जाइए, डिबेट का रिप्लाई देने के लिए आप खड़े हो सकते हैं लेकिन स्पीच देने के लिए न खड़े हों। (व्यवधान)

श्री जयनारायण वर्मा: आन ए प्वायंट आफर आर्डर सर। डिप्टी स्पीकर साहब, सुशमा जी ने जो मोशन मूव की है, इस पर मैं अर्ज करना चाहता हूं। (व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, आपने कौल एंड शकधर की किताब को कोट किया जिससे दो बातें जाहिर होती हैं। एक बात तो यह कि यदि कोई मैम्बर बोल रहा हो तो मोशन मूव नहीं हो सकता। इसके बारे में सही पोजीशन यह है कि जिस वक्त सुशमा जी ने मोशन मूव किया उस वक्त मैम्बर्ज नहीं बोल रहे थे इसलिए उन्होंने मोशन मूव कर दी। इसके अलावा मोशन मूव करते समय मूवर आफ दी रैजोल्यूशन ने उन्हें नहीं रोका और न ही इसके विरोध में कोई औब्जैक्शन रेज किया था। (व्यवधान)

Mr. Speaker: The Speaker should also be satisfied. I am not satisfied. Therefore, I am rejecting this motion as I feel the time has not come to allow it. (Interruptions.)

श्रीमती सुशमा स्वराज: इसकी रिजैक्शन के लिए you have to satisfy the member also. (Interruptions.)

Mr. Deputy Speaker: I am not satisfied. I have given my Ruling. Please sit down.

श्रीमती सुशमा स्वराज: डिप्टी स्पीकर साहब, आपने कौल एंड शकधर की रूलिंग पढ़ी। इसके मुताबिक जहां तक सैटिस्फैक्शन का ताल्लुक है, सैटिस्फैकशन डिप्टी स्पीकर की नहीं होनी चाहिए, हाउस की सैटिस्फैक्शन होनी चाहिए। (व्यवधान) सदन के मैम्बर डिबेट से सैटिस्फाइड हैं। (व्यवधान)

Mr. Deputy Speaker: Sushma Ji, I am not safisfied. I have given my ruling. Please sit down (Interruptions & Noise) अब सरदार सुखदेव सिंह जी बोलेंगे। (व्यवधान)

वाक आउट

Sh. Baldev Tayal: Mr. Deputy Speaker, Sir, I may humbly submit that before you resume the debute on the Resolution.

* * * *

Mr. Deputy Speaker: Nothing will be recorded.

(At this stage, all the members of the Opposition except Sh. Jai naraiin Verma staged a walk out.)

नेमिंग आफ मैम्बर

श्री जयनारायण वर्मा: डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कुछ कहना चाहता हूं। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: आप बैठ जाइए। (व्यवधान)

श्री जयनारायण वर्मा: मैं रैजोल्यूशन का मूवर हूं, मुझे कुछ कहना है, आप एक मिनट सुन लीजिए। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि आप कृपया बैठ जाइए। (व्यवधान)

श्री जयनारायण वर्मा: आप मुझे एक मिनट के लिए सुन लीजिए। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: मैं आपसे बार–बार निवेदन कर रहा हूं कि आप बैठ जाइए। (व्यवधान)

श्री जयनारायण वर्मा: बोलने का तो मेरा राईट है, आप सुन लीजिए। **श्री जयनारायण वर्मा**:

Mr. Deputy Speaker: I name Sh. Jai Narain Verma (Interruptions.)

He may please withdraw from the House.

(At this stage the hon. Member withdrew from the House)

गैर–सरकारी संकल्प (पुनरारम्भ)

सरदार सुखदेव सिंह (रोड़ी): उपाध्यक्ष महोदय, बैकवर्ड क्लासिज के लिए हंमारी पार्टी और सरकार ने क्या काम किया है उसको यह सुनना नहीं चाहते, यह बड़ी शर्म की बात है। (शोर) (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।) स्पीकर साहब, गवर्नर साहब ने अपने ऐड्रैस के सफा 2 पर बताया है कि दो करोड़ रूपये देकर के सरकार ने बैकवर्ड क्लासिज के लिए एक कार्पोरेशन बनाया है। (विघ्न)

बैठकर का निलम्बन

श्री भले राम: स्पीकर साहब, मैं आपकी इजाजत के कहना चाहूंगा कि.....

श्री अध्यक्ष: आप अभी बैठिए, सरदार सुखदेव सिंह जी बोल रहे हैं।

श्री भले राम: वे तो बोल चुके हैं।

सरदार सुखदेव सिंह: स्पीकर साहब, मैं अभी बोल रहा हूं।

श्री भले राम: स्पीकर साहब, आप मेरी बात तो सुनें।

श्री अध्यक्ष: आप अभी बैठिए। आपको मैं बाद में पूरी टाईम दूंगा।

श्री भले राम: स्पीकर साहब, मुझे बड़ी देर से टाईम नहीं मिल रहा है।

श्री अध्यक्ष: इसके बाद आप जितना टाईम मांगेंगे उतना मैं दे दूंगा लेकिन अब आप बीच में इंट्रप्ट न करें। (विघ्न)

श्री भले राम: स्पीकर साहब, आप मेरी एक मिनट बात सुन लीजिए।

Mr. Speaker: I adjourn the House for fifteen minutes.

(The Sabha then adjourned and re-assembled at 12.58 p.m.)

क्लोजार (पुनरारम्भ)

डा. मंगल सैन: (रोहतक) स्पीकर साहब, मैं रूल 89 के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। यहां पर लभगग डेढ़ वर्श से एक

रैजोल्यूशन पर बहस हो रही है। उसके बारे में बहिन सुशमा जी ने एक क्लोजर मोशन मूव की थी। क्लोजर मोशन मूव करने के बाद चेयर की तरफ से कौल एंड शकधर की किताब में से कुछ बातों के विशय में हवाला दिया गया था। उस किताब के पेज 786 पर लिखा है कि –

"At any time after a motion has been made, a member can move for closure, and if he does so, the motion "That the question be now put" is put by the Speaker unless it appears to him that the closure motion is an abuse of the Rules or an infringement of the right of reasonable debate. If the motion "That the question be put" is carried, the question or questions consequent thereon are put forth with without further debate, subject to the right of reply which may be allowed by the Speaker to a Member."

If is further written, Sir, that –

"A closure motion may be moved at any time, subject to the condition that if another member is speaking he should be allowed to conclude his speech, and also subject to the right of reply....."

Mr. Speaker: Thank you very much. I agree that the closure motion can be moved subject to the condition that if an hon. Member is speaking, he should be allowed to complete his speech. Let Dr. Sukhdev Singh speak.

डा. मंगल सैन: स्पीकर साहब, जब क्लोजर मोशन का सवाल उठाया गया उन समय जो मैम्बर पहले बोल रहे थे वे अपनी सीट पर बैठ गये थे।

Mr. Speaker: I may again read out the provision from the book written by Kaul and Shakdher. It reads –

"A closure motion may be moved at any time subject to the condition that if another member is speaking he should be allowed to conclude his speech and also subject to the right of reply if any, being exercised by the mover. It is in the discretion of the Speaker to accept the motion if he considers that there has been sufficient debate and time is ripe for such a motion."

So the Deputy Speaker, who was in the Chair at the time this closure motion was sought to be moved, exercised his discretion and he thought that sufficient debate has not taken place and that the time was not ripe for the motion. It is the discretion to the extent of acceptance of the closure motion but the final decision rests with the House whether the debate should end or it should not end.

13.00 बजे

Sh. Verender Singh: Sir, that was our contention.

Dr. Mangal Sein: Sir, the Deputy Speaker, who was in the Chair when the motion was moved did not put the motion to the vote of the House which is obligatory.

Mr. Speaker: No, it is not obligatory. I may again read from that book. It is very clear. It says that –

"It is in the discretion of the Speaker to accept the motion if he considers that there has been sufficient debate and time is ripe for such a motion."

इससे साफा जाहिर है कि यह चेयर की डिस्क्रिशन है कि इस मोशन को एक्सेप्ट करे या न करे। अगर चेयर समझती है कि इस पर सफिशिएन्ट डिबेट नहीं हुई और बहुत से आनरेबल मैम्बर्ज बोलना चाहते हैं तो उस हालत में भले वह हमारी बात को स्वीकार न करें।

चौ. राम लाल वधवा: अध्यक्ष महोदय, मैं अपने प्वायंट आफर आर्डर को छोड़ देता हूं (शोर) मैं आपका ध्यान रूल 90 की तरफ दिलाता हूं।

Mr. Speaker: Whatever point has been decided by the Deputy Speaker, who was in the Chair at that time, is final.

चौ. राम लाल वधवा: उनसे यह डिसाइड नहीं हुआ है। मैं नई बात कह रहा हूं। उन्होंने डिसीजन नहीं दिया था।

Rule 90 of Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly says –

"Whenever the debate on any motion in connection with a Bill or any other motion becomes, in the opinion of the Speaker, unduly protracted, the Speaker may, after taking the

sense of the Assembly, fix a time limit for the conclusion of discussion on any stage or all stages of the Bill or the motion, as the case may be."

अध्यक्ष महोदय आज का जो एजेंडा है उसमें दो चीजें हैं, रैजोल्यूशन और बिल। इसलिए मैं रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि हाउस की सैंस लेकर कम से कम आप टाईम फिक्स कर दें कि बिल पर इतना समय लगेगा और रैजोल्यूशन पर इतना समय लगेगा।

Mr. Speaker: The time for raising this issue will be given after Dr. Sukh Dev Singh has completed his speech.

गैर–सरकारी संकल्प (पुनरारम्भ)

सरदार सुखदेव सिंह: अध्यक्ष महोदय, बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि अपोजीशन के जिस भाई ने यह रैजोल्यूशन मूव किया है वे अपने आपको चुटाला का रहने वाला बताते हैं। वे अपने आपको बहुत बड़ा समझते हैं। वह मेरे अच्छे मित्र हैं लेकिन * * * *। (शोर)

Sh. Verender Singh: The member is not present in the House, The hon. Member has been named by the Hon. Deputy Speaker. He is not present in the House.

श्री अध्यक्ष: यह कोई डैरोगेटरी बात नहीं है। इन्होंने कहा कि वे मेरे अच्छे मित्र हैं और चुटाला के रहने वाले हैं। (शोर)

श्री वीरेन्द्र सिंह: इन्होंने कहा कि * * * * । यह अच्छी बात नहीं कह रहे। (शोर)

श्री अध्यक्ष: गिरेबान में मुहं डालने वाले शब्द ऐक्सपंज कर दिए जाएं।

सरदार सुखदेव सिंह: तो यह कह रहा हूं कि * * * *। (शोर)

चौ. सतबीर सिंह मलिक: स्पीकर साहब, @ @ @ @

श्री अध्यक्ष: यह रिकार्ड न किया जाए। (शोर)

सरदार सुखदेव सिंह: जिस मेरे भाई ने इस रैजोल्यूशन को रखा है। (शोर) अध्यक्ष महोदय, पंजाबी में एक कहावत है कि छज तो बोले छालनी क्या बोले? (शोर)

चौ. राम लाल वधवा: यह बिलकुल सच्ची बात बोल रहे हैं। यह इन्हीं पर लागू होती। (शोर)

सरदार सुखदेव सिंह: स्पीकर साहब, हाउस में खम्भे पर साफ–2 लिखा है कि

सभा में या तो प्रवेश न किया जाए या

यदि प्रवेश किया जाए तो वहां स्पश्ट और

सच बात कही जाए क्योंकि वहां न बोलने से

यह गलत बोलने से दोनों ही स्थितियों में

मनुश्य पाप का भागी बन जाता है। (शोर)

श्री वीरेन्द्र सिंह: छज तो बोले छालनी क्या बोले यह कहावत हरियाणा की है पंजाब की नहीं। (शोर)

श्री अध्यक्ष: पंजाब और हरियाणा में कोई फर्क नहीं है। (शोर)

चौ. राम लाल वधवा: वीरेन्द्र सिंह जी ये अपने मैम्बरों को ही कह रहे हैं तुम क्यों बोल रहे हो?

सरदार सुखदेव सिंह: इन्हें मेरी अच्छी बात सुनने का हाजमा होना चाहिए। (शोर)

Mr. Speaker: Dr. Sukh Dev Singh is coming out with some gem. He must be listened.

सरकार सुखदेव सिंह: अध्यक्ष महोदय, श्री वर्मा जी ने अभी बैकवर्ड क्लासिज के बारे में कहा है कि हमें उनके साथ बड़ी हमदर्दी है। मुझे बड़ा अफसोस होता है। लोकदल के भाई शोर ही शोर मचो रहते हैं इसके अलावा इनकी कोई हमदर्दी उनके साथ

नहीं है। इनको इतनी तकलीफ क्यों होती है? इसमें जरा हमारी बात सुनने की हिम्मत होनी चाहिए। (शोर)

श्री अध्यक्ष: अगर आप लोग सुखदेव सिंह जी को शान्ति से सुनते तो अब तक श्री भलेराम को भी बोलने का मौका मिल जाता। (शोर)

सरदार सुखदेव सिंह: जिस मेरे भाई ने यह रैजोल्यूशन रखा है वे खुद चुटाला से बिलौंग करते हैं। उसी चुटाला के इनकी पार्टी के एक मुख्यमंत्री अढ़ाई साल तक यहां रहे। वे अपने आपको बहुत बड़ा लीडर मानते थे। (शोर) जो भी बात वे कहते थे उसे 5 मिनट के बाद भूल जाते थे। (शोर)

श्री लहरी सिंह मेहरा: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मैं डा. साहब से पूछना चाहता हूं कि जो बात वे भूल जाते थे क्या उनको आप याद नहीं करवाते थे? (शोर)

श्री अध्यक्ष: यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। जो हाउस में प्रेजेंट नहीं है उसकी शान के खिलाफ कुछ न कहा जाए। (शोर)

चौ. सतबीर सिंह मलिक: स्पीकर साहब, ये शब्द एक्सपंज होने चाहिएं। (शोर)

Mr. Speaker: If there is anything derogatory that should be expunged. (Interruptions.)

सरदार सुखदेव सिंह: स्पीकर साहब, मैं यही कहना चाहता हूं कि जिस साथी ने यहां पर यह प्रस्ताव रखा है, जिस पार्टी में वे आज बैठे हैं, जब उस पार्टी की सरकार थी जिसमें ये भी शामिल थे, उसने पिछड़े हुए वर्ग के लिए कुछ भी नहीं किया। (शोर व व्यवधान)

चौ. उदय सिंह दलाल: * * * * (शोर व व्यवधान)

वित्त मंत्री (चौ. खुरशीद अहमद): आन ए प्वायंट आफर आर्डर, सर। मैं इस बात पर आपकी रूलिंग चाहूंगा कि क्या कोई आदमी जो इस हाउस का आनरेबल मैम्बर है, उसकी किसी आदमी के साथ कोई एसोसिएशन है, उसके बारे में यह कह दिया जाए कि फलां, * * * * क्या ऐसी बातों को हाउस में डिस्कम करने की इजाजत है?

श्री अध्यक्ष: वैसे तो keeping in view the dignity of labour जूते साफ करना या बर्तन साफ करना कोई बुरा नहीं है लेकिन जहां तक इनका सम्बन्ध किसी आनरेबल मैम्बर से है, वह रिमार्क्स ऐक्सपंज कर दिए जाएंगे।

सरदार सुखदेव सिंह: मैं वर्मा जी से यह पूछना चाहता हूं कि उनके दिल में बैकवर्ड क्लासिज के लिए इतनी हमदर्दी है तो उन्होंने सिवाय अपने लिए कारें खरीदने के और कोठी बनाने के और क्या कार्यवाही की या क्या किया? मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि यह हमारी ही गवर्नमैंट थी, जिसने उनकी तरक्की के

लिए कुछ किया है। मैं उन्हें यह बताया चाहता हूं कि हमने क्या–क्या किया है? इस बारे में गवर्नर साहब के एड्रैस के पेज 2 पर लिखा हुआ है अगर कोई भाई पढ़ा लिखा हुआ हो, पढ़ना लिखना जानता हो तो पढ़ लें। (शोर व व्यवधान)

चौ. सतबीर सिंह मलिक: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। इन्होंने यह कहा कि अगर सिकी को पढ़ना लिखना आता हो तो पढ़ ले जैसे हममें से कोई पढ़ना लिखना जानता ही नहीं। * * * *

Mr. Speaker: This is not a point of order. These remarks should be expunged. डाक्टर साहब, अब आप बाईण्ड अप करें क्योंकि भले राम जी ने भी बोलना है? (व्यवधान व शोर)

सरदार सुखदेव सिंह: स्पीकर साहब, यह मेरे बारे में बात तो करते हैं लेकिन इन्होंने हरियाणा का 15 करोड़ रूपये का नुकसान किया था जब ये एक्साईज मिनिस्टर होते थे। (व्यवधान व शोर) इनके कामों में ऐसे काम शामिल हैं।

चौ. सतबीर सिंह मलिक: स्पीकर साहब, इन्होंने दो सौ आदमियों को मार कर घाटा पूरा कर लिया है।

श्री अध्यक्ष: मैं आपसे रिक्वैस्ट करूंगा कि यह दोस्ताना गुफ्तगू बाहर जाकर कर लें तो अच्छा रहेगा।

चौ. उदय सिंह दलाल: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहब, बात ऐसे है कि आपको सब बातों का अन्दाजा

तो है ही। सिवाय यहां पर डेढ़ बजाने के और कोई रौला नहीं है। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि कल वाली बात चलने दो, इन्होंने क्या बोलना है?

सरदार सुखदेव सिंह: स्पीकर साहब, मैं आपको बता रहा था कि.....

श्रीमती सुशमा स्वराज: आप ए प्वायंट आफर आर्डर, सर। मेरा प्वायंट आफर आर्डर 178 नियम के अधीन है जिसमें रैज्योलूशन पर की जाने वाली बहस के बारे में डयूरेशन आफ स्पीच का जिक्र किया गया है। रूल 178 में लिखा है:–

"No speech on a resolution except with the permission of the Speaker, shll exceed fifteen minutes in duration."

स्पीकर साहब, जब हाउस एडजर्न हुआ तो सरदार सुखदेव सिंह जी बाले रहे थे और उससे पहले दो–तीन मिनट तक बोल चुके थे। जब हाउस री–असैम्बल हुआ तो आपने यह कहा होगा कि as he was on his legs when the House adjourned, he would now continue. मैं हाउस में थोड़ा लेट आयी वे दो तीन मिनट तब तक और बोल चुके होंगे। जब मैंने टाईम नोट किया तो एक बजकर 5 मिनट हो चुके थे। इस तरह से अब तक वे 18 मिनट से भी ज्यादा बोल चुके है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि सुखदेव सिंह जी को हटाकर दूसरे मैम्बर को बुलवाया जाए।

चौ. खुरशीद अहमद: स्पीकर साहब, एक मिनट भी इन्होंने उनको बोलने नहीं दिया। All the time has been taken either by Smt. Sushma Swaraj herself or by Ch. Bhalle Ram And Ch. Ude singh Dalal. Thus his time has been taken by all the members of the opposition and he has hardly spoken for three minutes.

सरदार सुखदेव सिंह: मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी गवर्नमैंट ने यानी हमारी कांग्रेस पार्टी की गवर्नमैंट ने बैकवर्ड क्लासिज के लिए जो कुछ किया है, वह हिस्टरी में एक मिसाल है जो आने वाली पीढ़ियाँ याद रखेंगी और लोग याद रखेंगे। हमारे ये लोकदल के भाई यू ही मगरमच्छ के आसू बहाते थे। अगर प्रैक्टिकली ये कुछ करना चाहते तो जब ये पावर में थे तो बहुत कफछ कर सकते थे लेकिन इन्होंने कुछ नहीं किया। हमारे इन भाईयों ने अपनी पार्टी के राज में किसी बैकवर्ड क्लास के भाई को किसी बोर्ड या कारपोरेशन का चेयरमैन नहीं बनाया। मैं यह कह सकता हूं कि सिवाए अपने रिश्तेदारों को बोर्ड या कारपोरेशन के चेयरमैन बनाने के और इन्होंने कोई काम नहीं यिका। एक रिश्तेदार को तो इन्होंने 25–30 कमेटियों का मैम्बर बना दिया। फिर उसका जब बहुत ज्यादा रौला मचने लगा तो निकाल दिया गया। ये लोग बैकवर्ड क्लासिद्ध से बड़ी हमदर्दी जताते हैं। श्री जयनारायण वर्मा जी भी मिनिस्ट्री के लिए गौडे रगड़ते रहे। लेकिन इनको मिनिस्टर नहीं बनाया गया। स्पीकर साहब, गवर्नर साहब के एड्रैस के पेज 2 पर 'हरियाणा पिछड़े वर्ग

'कल्याण निगम' के बारे में जिक्र है, यह उसे पढ़ सकते हैं। कान्फैड के चेयरमैन बैकवर्ड जाति से ताल्लुक रखते हैं, दो मिनिस्टर हैं जो बैकवर्ड जातियों से ताल्लुक रखते है। ऐसे बोर्डो का नम्बर जिनके चेयरमैन बैकवर्ड जाति से सम्बन्ध रखते हैं तो इतना ज्यादा है कि अगर मैं इनको गिरवाने लग जाऊं तो इनकी आखें चौधिंया जाएंगी। मैं तो यही कहना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने इनकी भलाई के लिए बहुत कुछ किया है। बातें तो बहुत हैं लेकिन टाईम थोड़ा है। पालिसी की बात मैं कह राह था। पिछड़े हुए वर्ग की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए जो इस एड्रैस में कहा गया है, वह मेरे भाई पढ़ लें जो यहां पर यह कह गये हैं कि इनके लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। (व्यवधान व शोर)

श्री बीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, इनका भाशण बहुत अच्छा है। बहुत बढ़िया बोलने वाले हैं ओर बहुत अच्छे वक्ता हैं .. ..(व्यवधान व शोर)

Mr. Speaker: No interruptions please. Dr. Sahib, please wind up.

सरदार सुखदेव सिंह: स्पीकर साहब, मैं इनको पढ़कर सुना देता हूं। इन्होंने शायद गवर्नर एड्रैस पढ़ा नहीं है। इसलिए मैं इनको पढ़कर सुनाना चाहता हूं। (विघ्न)

बैठक का समय बढ़ाना

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, 5 मिनट हाउस का टाईम बाकी रह गया है। हाउस का टाईम आधा घंटा बढ़ाया जाए ताकि जो बिल है, वह भी जरूर डिस्कस हो जाए। (व्यवधान व शोर)

Mr. Speaker: Order please. Now I will take the sense of the House. एक सुझाव आया है कि चूंकि मैम्बर साहेबान अभी और डिबेट करना चाहते है इसलिए हाउस का टाईम आधा घंटा बढ़ाया जाए।

Finance Minister (Ch. Khurshid Ahmed): Speaker Sahib, if you permit me, I would suggest a vai-media, इस रैजोल्यूशन पर अभी दो दिन और डिस्कशन चल सकती है। आगे भी नोन–औफिशियल डे आएंगे। इसलिए समय बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है। (शोर व व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंह: इसमें कांग्रेस (आई) के मैम्बर का भी रैजोल्यूशन है, उसको भी लेना चाहिए। (शोर व व्यवधान)

Mr. Speaker: Order please.

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, हाउस का समय आधा घंटा बढ़ा दिया जाए। (शोर व व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: मैंने पूछा लिया है। I have taken the sense of the House, It is not the sense of the House that the time should be extended.

चौ. राम लाल वधवा: स्पीकर सहाब, इस पर हम डिविजन मांगते है।

विरोधी पक्ष से आवाजें: इस पर डिविजन होनी चाहिए।

Mr. Speaker: If any body wants division. I will have a division.

Mr. Speaker after calling upon those Members who wre for 'Aye' and those who weere for 'No' respectively to rise in their places and on a court having been taken declared that the motion was lost.

The motion was lost.

श्री अध्यक्ष: अब सदन शुक्रवार, दिनांक 13.3.1981 प्रातः 9.30 बजे तक के लिए स्थागित किया जाता है।

***13.32. बजे**

(तत्पश्चात् सदन शुक्रवार दिनांक 13.3.1981 प्रातः 9.30 बजे तक के लिए *स्थगित हुआ)